
UPHIN/2011/39718

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-122 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

# आंबेडकर जयंती से पहले मुख्यमंत्री योगी ने लिखी पाती, बताया- करोड़ों को जीने का अधिकार दिलाने वाला पथ प्रदर्शक



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318




*( यंग भारत न्यूज )*

*लखनऊ। भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की है. सीएम योगी ने अपने पाती के जरिए बाबा साहेब को संविधान की रूपरेखा तैयार करने वाले महान पुरुष बताते हुए कृतज्ञता व्यक्त की.*

*सीएम योगी ने लिखा कि आंबेडकर जी की दूरदृष्टि से करोड़ों लोगों को गरिमामयी जीवन का अधिकार मिला. विजन, मिशन और लगन के धनी बाबासाहेब के हर शब्द आज भी प्रेरणा स्रोत हैं. उनकी आर्थिक सोच और शिक्षा के प्रति दूरदृष्टि अमूल्य है. उन्होंने राजकोषीय संघवाद का महत्वपूर्ण विचार दिया, जो आज भी प्रासंगिक है. मुख्यमंत्री ने बाबासाहेब का प्रसिद्ध संदेश याद दिलाया, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो.अपने समय में भारत के सबसे अधिक शिक्षित व्यक्तियों में शामिल बाबासाहेब 35 हजार से अधिक पुस्तकों के संग्रहकर्ता थे और प्रतिदिन 16 से 18 घंटे अध्ययन करते थे. वे न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ तथा संवेदनशील समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं. योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब से जुड़े प्रेरक प्रसंग का जिक्र करते हुए लिखा कि उन्होंने घर पर सहयोग के लिए सुदामा नामक व्यक्ति को रखा था. एक बार जब सुदामा घर के बाहर सो रहे थे, तो बाबासाहेब ने अपना ओवरकोट उतारकर उन्हें ओढ़ा दिया.यह घटना उनकी करुणा और समानता की भावना को दर्शाती है. सरकार बाबासाहेब के विचारों को आत्मसात कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर गरीब, वंचित, महिला और युवा तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है. राशन, आवास, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं जैसी सुविधाएं वंचित वर्गों के लिए मजबूत संबल बन रही हैं।*

## *एक दिन, एक उम्र और एक ही जगह, आशा भोसले और लता दीदी के निधन में ये कैसा संयोग*

*संगीत की दुनिया में जब भी बड़े नामों की बात होती है, तो आशा भोसले और लता मंगेश्कर का जिक्र अपने आप हो जाता है. अब इन दोनों महान बहनों के निधन से जुड़ी कुछ ऐसी समानताएं सामने आई हैं, जो हर किसी को हैरान कर रही हैं.दरअसल, 12 अप्रैल 2026 रविवार को 92 साल की उम्र में आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली. दिलचस्प बात यह है कि उनकी बड़ी बहन लता मंगेश्कर का निधन भी साल 2022 में 6 फरवरी को हुआ था और वह दिन भी रविवार ही था.*

## *उतार-चढ़ाव वाली रही जिंदगी*

*अगर उनके जीवन की बात करें तो आशा भोसले ने अपने करियर में हजारों गाने गाए और कई बड़े सम्मान हासिल किए, जिनमें दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड, नेशनल अवॉर्ड और पद्म विभूषण शामिल हैं. हालांकि, उनकी निजी जिंदगी संघर्षों से भरी रही. उन्होंने दो शादियां कीं, पहली शादी गणपतराव भोसले से और दूसरी शादी मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन से. उनकी जिंदगी में दुख का दौर तब भी आया जब उन्होंने अपने बेटे और बेटी को खो दिया. बेटे की मौत कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से हुई और बेटी ने आत्महत्या कर लिया था. फिलहाल, उनके निधन की खबर से फैंस और सेलेब्रिटीज गहरे सदमे में हैं. परिवार की ओर से बताया गया है कि कल यानी 13 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.*

## *एक दिन, एक उम्र और एक ही अस्पताल*

*इतना ही नहीं, लता मंगेशकर ने भी 92 साल की उम्र में उसी ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली थी. यानी दोनों बहनों के निधन में कई चौंकाने वाले संयोग देखने को मिलते हैं. उम्र एक जैसी, दिन एक जैसा (रविवार) और अस्पताल भी वही. इसके अलावा, जिस तरह लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार मुंबई के शिवाजी पार्क में हुआ था, उसी तरह आशा भोसले का अंतिम संस्कार भी वहीं किया जाएगा.*

## सुर्खियां............

### महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा, 11 की मौत : मृतकों में 3 महिलाएं, 2 की हालत गंभीर; वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक

**ठाणे ( महाराष्ट्र )।** महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10:45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य दो लोग घायल हैं, जिन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान जारी है। वैन रोजाना की तरह आज सुबह भी पैसेंजर्स को लेकर कल्याण से मुरबाड जा रही थी। वैन में ड्राइवर समेत 12-13 लोग सवार थे। इसी दौरान रैता ब्रिज पर सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो गई। राहगीरों ने बताया कि दोनों गाड़ियां स्पीड में थीं। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

### मोदी महिलाओं से बोले- गृहस्थ नहीं, लेकिन जानता सब हूं : हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।'

उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया। स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले।

### युगांडा आर्मी चीफ ने तुर्किये से सबसे खूबसूरत महिला मांगी : कहा- शादी करूंगा, नहीं मिली तो डिप्लोमेटिक रिश्ते तोड़ेंगे, तुर्किश एयरलाइंस पर भी रोक लगा देंगे

**कम्पाला।** युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्किये से 1 अरब डॉलर (9000 करोड़) और देश की सबसे खूबसूरत महिला को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्किये से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्किश एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने पर लिखा कि अगर तुर्किये ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्किये यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्किये की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। कैनेरुगाबा ने पोस्ट में तुर्किये पर आरोप लगाया कि उसने सोमालिया में इंफ्रास्ट्रक्चर, पोर्ट और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स से फायदा उठाया, जबकि युगांडा ने अल-शबाब जैसे आतंकी संगठनों से लड़ने का बोझ उठाया। इसी आधार पर उन्होंने 1 अरब डॉलर की मांग की। हाल ही में भी कैनेरुगाबा ने सोशल मीडिया पर कई विवादित पोस्ट किए हैं।

## एक दिन, एक उम्र और एक ही जगह, आशा भोसले और लता दीदी के निधन में ये कैसा संयोग

( यंग भारत न्यूज )



**मुबई।** संगीत की दुनिया में जब भी बड़े नामों की बात होती है, तो आशा भोसले और लता मंगेश्कर का जिक्र अपने आप हो जाता है. अब इन दोनों महान बहनों के निधन से जुड़ी कुछ ऐसी समानताएं सामने आई हैं, जो हर किसी को हैरान कर रही हैं.दरअसल, 12 अप्रैल 2026 रविवार को 92 साल की उम्र में आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली. दिलचस्प बात यह है कि उनकी बड़ी बहन लता मंगेश्कर का निधन भी साल 2022 में 6 फरवरी को हुआ था और वह दिन भी रविवार ही था.

### एक दिन, एक उम्र और एक ही अस्पताल

इतना ही नहीं, लता मंगेशकर ने भी 92 साल की उम्र में उसी ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली थी. यानी दोनों बहनों के निधन में कई चौंकाने वाले संयोग देखने को मिलते हैं. उम्र एक जैसी, दिन एक जैसा (रविवार) और अस्पताल भी वही. इसके अलावा, जिस तरह लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार मुंबई के शिवाजी पार्क में हुआ था, उसी तरह आशा भोसले का अंतिम संस्कार भी वहीं किया जाएगा.

### उतार-चढ़ाव वाली रही जिंदगी

अगर उनके जीवन की बात करें तो आशा भोसले ने अपने करियर में हजारों गाने गाए और कई बड़े सम्मान हासिल किए, जिनमें दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड, नेशनल अवॉर्ड और पद्म विभूषण शामिल हैं. हालांकि, उनकी निजी जिंदगी संघर्षों से भरी रही. उन्होंने दो शादियां कीं, पहली शादी गणपतराव भोसले से और दूसरी शादी मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन से. उनकी जिंदगी में दुख का दौर तब भी आया जब उन्होंने अपने बेटे और बेटी को खो दिया. बेटे की मौत कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से हुई और बेटी ने आत्महत्या कर लिया था. फिलहाल, उनके निधन की खबर से फैंस और सेलेब्रिटीज गहरे सदमे में हैं. परिवार की ओर से बताया गया है कि कल यानी 13 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## राजभर का बड़ा ऐलान : सपा के सत्ता वाले सपने को श्मशान पहुंचाएंगे मेरे 5 विधायक, अब्बास अंसारी को लेकर किया ये खुलासा

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मुखिया और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज कर दी है। बलिया पहुंचे राजभर ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है, जिनमें उनके आजमगढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। उन्होंने साफ कर दिया है कि 2027 के महाकुंभ में वह अपनी पारंपरिक सीट जहूराबाद (गाजीपुर) से ही चुनावी मैदान में उतरेंगे। 'अब्बास अंसारी सपा के थे, हमारे नहीं' मऊ सदर से विधायक और मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को लेकर राजभर ने अपनी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि अब्बास अंसारी असल में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार थे, हमने तो सिर्फ अपना सिंबल दिया था। अब जब हम एनडीए (NDA) का हिस्सा हैं, तो 2027 में उन्हें सिंबल देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। आजमगढ़ को लेकर सपा पर तीखा हमला आजमगढ़ को सपा का गढ़ कहे जाने पर राजभर ने पलटवार करते हुए कहा कि वहां किसी एक जाति का नहीं, बल्कि सर्वसमाज (ब्राह्मण, राजपूत, यादव, राजभर, चौहान, निषाद आदि) का निवास है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा को वोट देकर आजमगढ़ की जनता अपना नुकसान कर रही है। राजभर ने अपील की कि विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए जनता को एकजुट होना होगा। 'सपा के सपनों को श्मशान पहुंचा देंगे मेरे विधायक' 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के दावों पर राजभर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में चुटकी ली। उन्होंने कहा कि सपा मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है। राजभर ने हुंकार भरते हुए कहा कि उनके पांचों विधायक मिलकर सपा के सत्ता में आने के सपने को कंधा देंगे और उसे श्मशान घाट तक पहुंचा देंगे। बिहार की राजनीति पर भी बोले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली कूच की चर्चाओं पर राजभर ने कहा कि इससे बिहार की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उनके जाने के बाद जो भी आएगा, वह उनसे बेहतर काम ही करेगा। राजभर के इस बयान के बाद अब गाजीपुर और आजमगढ़ के सियासी गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। देखना दिलचस्प होगा कि सपा इस श्मशान वाले तंज पर क्या पलटवार करती है।

# डीएम राजेश पांडेय के सच्चे प्रयासों के बावजूद नहीं टूट रहा है दागी आढ़तियों, दलालों और क्रय केंद्रों के जिम्मेदारों का काकस

**पुरानी है यह बीमारी, जबतक डीएम अन्नदाताओं का गिरोह बनाकर हक़ मारने वालों के विरुद्ध गैंगस्टर जैसी कठोर कार्यवाही नही करेंगे तब तक वास्तविकता में किसानों को नही मिल पायेगा सरकारी मूल्य का फायदा**

**»»» किसानों के गेंहू की बड़ी मात्रा का लाभ उठा रहे हैं दलाल दागी आढ़तिये और क्रय केंद्रों का स्टाफ**

**»»» कागज में सब सही दिखता है मगर किसानों को सरकारी राहत देने के इस पुण्य काम में वास्तविकता में है बड़ा पोल खाता**

**जरूरत मंद किसान क्रय केंद्रों पर चक्कर काटने धूल फांकने और अपना समय बर्बाद करने के वाबजूद परेशान हो कर ओने पौने दामों में आढ़तियों के पालतू दलालों के माध्यम से बेचने को मजबूर हैं अपना गेंहू**

### अन्नदाता का दर्द-प्रधान संपादक की कलम से

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिले के विभिन्न गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। आरोप है कि खरीद केंद्रों पर तैनात कर्मचारी जान-बूझकर किसानों को घंटों इंतजार कराते हैं, तौल में देरी करते हैं और बार-बार कागजी कमियां बताकर उन्हें परेशान करते हैं।

इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर खरीद केंद्रों के बाहर सक्रिय बिचौलिये किसानों से कम कीमत पर गेहूं खरीद रहे हैं। बाद में यही गेहूं सरकारी खरीद केंद्रों पर समर्थन मूल्य (MSP) में बेचा जा रहा है, जिससे असली किसान सरकारी लाभ से वंचित रह जा रहा है और बिचौलिये मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। किसानों का कहना है कि खरीद केंद्र कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना यह खेल संभव नहीं है। यदि केंद्रों पर पारदर्शी व्यवस्था हो, समय पर तौल हो और किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तो उन्हें बिचौलियों को फसल बेचने की मजबूरी न हो। जिले के कई हिस्सों में गेहूं खरीद के दौरान किसानों के खरीद केंद्रों से दूरी बनाने और निजी/बाहरी खरीद की प्रवृत्ति पर पहले भी रिपोर्टें सामने आ चुकी हैं।



**खरीद केंद्रों पर वास्तव में है बिचौलियों का कब्जा, किसानों की बड़ी संख्या हो रही MSP से वंचित**

### किसानों की मांग

किसानों ने जिला प्रशासन से खरीद केंद्रों की निगरानी बढ़ाने, दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने तथा खरीद केंद्रों के बाहर सक्रिय बिचौलियों पर सख्त रोक लगाने की मांग की है।

**»»» उक्त गिरोह से किसानों की तो बिसात क्या प्रसासन डीएम के नेतृत्व के बाबजूद पार नही पा पा रहा है**

**»»» किसानों की आय दुगनी करने का भाजपा ने किया था वादा मगर सरकार के पास ऐसी कोई व्यवस्था नही जिसे लागू करके किसानों को दिलवाया जा सके उनके हक का विक्रय मूल्य**

# तमंचा व कारतूस के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को कोतवाली पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

चौकी में तैनात एसआई शिवम सिंह सेंगर को सूचना मिली कि उरई मार्ग पर आवास विकास कालोनी से छौलापुर मार्ग की ओर जाने वाली बंबा की पट्टी पर मोहल्ला खटीकान निवासी इलयास खड़ा है। जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवक को न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में एक दर्जन रिपोर्ट दर्ज हैं।

# डीएम ने मंडी में संचालित सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** डीएम ने मंडी में संचालित सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को कोई अपनी फसल में बेचने में कोई दिक्कत न हो।

डीएम राजेश पांडेय सोमवार की दोपहर नवीन गल्ला मंडी में संचालित गेंहू क्रय केंद्रों पर पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र पर व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान कुछ केंद्रों पर बैनर नहीं टंगे थे। जिस पर उन्होंने सभी क्रय केंद्रों पर बैनर टेंगवाने के निर्देश दिए। मंडी में 15 गेंहू खरीद केंद्रों को खोला जाना है। जिसमें डीएम के निरीक्षण में मात्र सात क्रये केंद्र संचालित मिले। जिस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी क्रय केंद्रों को शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा केंद्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था और गर्मी के मौसम को देखते हुए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कुछ केंद्र प्रभारियों ने बारदाने की कमी की बात कही तो डीएम ने तत्काल सभी क्रय केंद्रों के लिए बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। वहीं, केंद्रों पर जितनी खरीद हो चुकी है, उस माल को तत्काल उठवाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी हाल में अपनी फसल बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। बिचौलियों और दलालों से दूर रहें। किसानों से अतिरिक्त कोई धनराशि न वसूल की जाए। स्पष्ट कहा कि यदि कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई होना तय है।

# स्मार्ट मीटर बना लोगो के लिए जी का जंजाल

## सड़को पर उतरी महिलाओ ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के कांशीराम कालोनी में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर सोमवार को महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। कालोनी की गरीब एवं मजदूर वर्ग की महिलाओं ने विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि विभाग के कर्मचारियों ने बिना सहमति के जबरन पुराने बिजली मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए।

महिलाओं का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार किया और यह कहकर मामले को टाल दिया कि यह सब 'ऊपर के आदेश' पर किया जा रहा है। इससे नाराज होकर कालोनी की दर्जनों महिलाएं तहसील परिसर पहुंचीं और हंगामा काटा व जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाई। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल अधिक आ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। गरीब परिवारों के लिए यह व्यवस्था परेशानी का कारण बन रही है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट मीटर हटाकर पहले की तरह सामान्य मीटर लगाए जाएं। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।वहीं एसडीएम ज्योति सिंह ने महिलाओं से ज्ञापन प्राप्त करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत की जांच कर उचित समाधान किया जाएगा। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद महिलाओं का प्रदर्शन शांत हुआ, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आगे और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।ज्ञापन देने बालो में मुन्नी देवी,किशना देवी,विमला,कलावती,रेश्मा,नगीना,जोरदार,अशोका,पुष्पा देवी ,शबाना, रशीदा,अफसरी आदि एक सैकड़ा महिलाए उपस्थित रही।

# अंबेडकर जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

## विधायक,पालिकाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ संग लगाई अंबेडकर परिसर में झाड़ू

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा नगर इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नगर में सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन गोखले नगर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। उपस्थित कार्यकर्ताओ ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को एक मजबूत संविधान देकर सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने का काम किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उनके बताए गए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करें।पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का हम सब लोग संकल्प ले वही उन्होने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने का भी आज से प्रण कर ले कि गंदगी न तो फैलाऐगे और न किसी को फैलाने देगे।कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस पहल को नगरवासियों ने एक प्रेरणादायक कदम बताया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा, सह संयोजक प्रदीप वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,नगर कोषाध्यक्ष अनिल कपूर, शिवसिंह कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, विनोद सोनी सभासद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सबाविमं मे छात्राओ के साथ पुलिस ने नारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण देखा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** 'नारी वंदन योजना' के संबंध में न्यूज चैनल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश प्रसारित किया गया और स्कूली छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

सोमवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह एवं मिशन शक्ति प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्राओं को कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया। छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए हेल्पलाइन नंबर्स का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# परशुराम जयंती को लेकर तैयारियां तेज घर-घर जाकर वांटे गए निमंत्रण पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए ब्राह्मण समाज सक्रिय रूप से जुट गया है। इसी क्रम में रविवार को ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नगर के विभिन्न मुहल्लों में घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण पत्र देकर शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह कर अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और कई परिवारों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया।महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि 19 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की झांकियां, बैंड-बाजे और धार्मिक कार्यक्रम शामिल आयोजित किए जाएंगे। साथ ही भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों को भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिल सके।इस अवसर पर रंजन गोस्वामी, राघवेंद्र तिवारी, भास्कर दुबे, गौरव तिवारी, अखिलेश व्यास, पंकज तिवारी, मृदुल गौतम, आदित्य वैद, कृष्णा शुक्ला और आकाश बुधौलिया सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे।

# कांशीराम कालौनी समस्याओं का अंबार

## मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने कराया निस्तारण



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सरकार द्वारा गरीबों को छत देने के लिए आवासीय मकान काशीराम कालोनी के रूप में उपलब्ध कराए गए जिससे निचले तबके का व्यक्ति अपना जीवन यापन करते हुए चैन की नींद सो सके लेकिन इन कालोनियों की हालत बाद से बदतर होती जा रही है जिसका संज्ञान लेते हुए सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने हटा स्थित कांशीराम कालोनी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां पर व्याप्त समस्याओं का समाधान कराया और निर्देशित किया जहां पर खराब पड़े हुए वाटर कूलर, हैंड पंपो को शीघ्र ठीक करने के लिए आदेशित किया और कुछ हैंडपंप मौके पर ही ठीक कराये वही नगर पालिका आरआई सुनील कुमार को प्रतिदिन साफ सफाई कराये जाने के निर्देश दिए।इतना ही नही एसडीएम ने मौके पर ही सफाई अभियान चलवाकर कालौनी की सफाई कराई।वही उन्होने कालौनी वासियों की विधुत समस्याओं को सुनते हुए उसे गंभीरता से लिया जिस पर उन्होने एसडीओ विधुत को बिजली. समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।एसडीएम ने कहा कि भीषण गर्मी में कालौनी मे पेयजल की समस्या नही होना चाहिए सभी शीतल पेय जल मिले।

# ई-पॉप मशीनों की खराबी के कारण, बारदाना होने के बावजूद दो केंद्रों पर खरीद ठप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर एक बार फिर क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाऐ दिखने लगी है। एक तरफ जहां सोमवार को खरीद केंद्रों पर बारदाना पहुंचना शुरू हो गया, वहीं दूसरी ओर ई-पॉप मशीनों की खराबी और अनुपलब्धता के कारण दो केंद्रों पर खरीद पूरी तरह बंद रही। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।गेहूं खरीद केंद्रों पर खरीद प्रारंभ होते ही ई-पॉप मशीनों की दिक्कतें बनी हुई हैं जिनका सीधा असर खरीद प्रक्रिया पर पड़ रहा है। सोमवार को क्रय-विक्रय केंद्र पर ई-पॉप मशीन न मिलने के कारण खरीद शुरू ही नहीं हो सकी। वहीं पीसीएफ केंद्र पर मशीन मौजूद होने के बावजूद तकनीकी खराबी के चलते 10 अप्रैल से खरीद ठप पड़ी है। स्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम ज्योति सिंह ने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बी पैक्स जुझारपुरा, क्रय विक्रय, पीसीएफ, आरएफसी आदि का निरीक्षण किया। जुझारपुरा पर क्रय-विक्रय केंद्र की प्रभारी उषा तिवारी ने उन्हें बताया कि मशीन न मिलने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई है। एसडीएम ने जिला मुख्यालय पर संपर्क कर जल्द ही मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पीसीएफ केंद्र पर भी खरीद बंद मिलने पर केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार ने मशीन में खराबी की जानकारी एसडीएम को दी। वहीं बी-पैक्स जुझारपुरा केंद्र पर खरीद चालू तो मिली, बताया गया है कि ई-पॉप मशीन खराब होने के कारण प्रभारी महेंद्र कुमार झा उसे ठीक कराने जिला मुख्यालय ले गए हैं। यहां सचिव प्रियंक पांडे ने बताया कि अब तक 18 किसानों से 953 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। तुलाई चालू है पर मशीन दिक्कत कर रही है। ग्राम जुझापुरा में संचालित बी पैक्स जुझारपुरा के केंद्र प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि बारदाना और ई पॉप मशीन के कारण खरीद प्रभावित हो रही है।

# आज फिर किशोरी को भगा ले गया गांव का ही मनचला आशिक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रविवार की शौच के लिए गई किशोरी को गांव का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी की दादी ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी युवक व उसके साथी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी रविवार की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान गांव का युवक रवि उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता की दादी का आरोप की उनकी नातिन को भगवाने के दौरान एक युवक बाइक से आया था जिसे गांव के लोगों ने देखा था। वह दोनों को बाइक पर बैठाकर ले गया है। दादी ने पुलिस से उसकी नातिन की तलाश कराने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर नातिन की तलाश शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वाहन सवार घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार ग्राम हसीकापुरा थाना कानपुर देहात निवासी हिमांशु उम्र 28 वर्ष पुत्र लालाराम यहां कोंच में किराए से रहकर मजदूरी करता है। रविवार की रात नदीगांव रोड पर मंडी गेट के पास किसी अज्ञात वाहन की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई जिससे हिमांशु सड़क पर गिरकर घायल हो गया।वही टक्कर मारने बाला चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। घायल हिमांशु को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम ने किया खरीद केंद्रो का निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सोमवार को गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आरएफसी और एफसीआई केंद्रों पर पहुंचकर गेहूं बेचने के लिए आए किसानों से बातचीत की और गेहूं खरीद से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीएम ने स्पष्ट किया कि गेहूं खरीद के लिए जरूरी कागजातों में अब खसरा अनिवार्य नहीं है। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही गेहूं बेच सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है। डीएम ने किसानों से अपील की है कि वे अपने गेहूं की बिक्री केवल सरकारी क्रय केंद्रों पर ही करें।उन्होने कहा कि अगर कही भी किसी प्रकार की समस्या है तो किसान टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है।इस मौके पर एसड़ीएम ज्योति सिंह, एसडीएम न्यायिक/प्रभारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता,प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, मंडी सचिव सोनू आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ ने डीएम को संबोधित छै सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा

## -ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानो को शीघ्र सहायता राशि दी जाए

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के कोंच और नदीगांव ब्लॉक में 4 अप्रैल 2026 को हुई ओलावृष्टि, आंधी-तूफान और अतिवृष्टि ने किसानों की रबी की फसलों को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसलों सहित सब्जी फल आदि को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक स्थिति का संकट खड़ा हो गया है।



प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने तहसील पहुंचकर एसडीएम/प्रभारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इससे पहले गल्ला मंडी कोंच में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता और प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चौहान की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आंदोलन की रणनीति बनाई गई।

ज्ञापन में संघ ने मांग की कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कम से कम 30 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही फसल बीमा योजना के तहत शीघ्र मुआवजा दिलाने, नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराने और राहत राशि जल्द वितरित करने की मांग की गई।किसान संघ ने यह भी कहा कि आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को जल्द ठीक कर निजी नलकूपों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा दागी फसल की एमएसपी पर बिना कटौती खरीद, सभी खरीद केंद्रों को तुरंत चालू करने, नए केंद्र खोलने और वारदाना की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग रखी गई।

संघ ने प्रशासन से शत-प्रतिशत फसल नुकसान झेलने वाले किसानों के बैंक ऋण माफ करने और उन्हें शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी अपील की है। इस दौरान संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष साहब सिंह, मंत्री शिवराज सिंह, जिला मंत्री आनन्द, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार,रघुराज,अरविंद कुमार, बृज पांडेय, बालक राम, राजकुमार, ओमप्रकाश दुबे, महेशचन्द्र, हरि नारायण, अशोक कुमार, नन्दकिशोर मिश्रा, चतुर सिंह लौना, मीनेश पिपरैया, अंशुल सिंह, विन्दपाल, राहुल द्विवेदी, वैभव चौहान सहित एक सैकड़ा से अधिक क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद में पारदर्शिता की सख्त निगरानी, डीएम ने मंडियों में पहुंचकर लिया जायजा

## 64 खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त, 2585 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य पर खरीद जारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में संचालित गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और किसान हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जालौन एवं कोंच मंडी में स्थापित विभिन्न खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जालौन मंडी में संचालित 08 तथा कोंच मंडी में 02 गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बारदाना उपलब्धता, तौल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया।उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 64 गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि एफसीआई, पीसीएफ सहित सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है, जिससे खरीद कार्य निर्बाध रूप से जारी है। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो बाजार दर से अधिक है। ऐसे में किसान सीधे सरकारी खरीद केंद्रों पर अपनी उपज बेचकर उचित मूल्य प्राप्त करें और बिचौलियों से बचें। जिलाधिकारी ने एक किसान की ट्रॉली



की अनलोडिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और किसानों से बातचीत कर उनकी संतुष्टि का आकलन किया। किसानों द्वारा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार की व्यवस्था निरंतर बनाए रखें।जिलाधिकारी ने कहा कि खसरा अभिलेखों में पूर्व में पाई गई त्रुटियों को शासन स्तर पर दुरुस्त कर दिया गया है, जिससे खरीद प्रक्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। किसान अब अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं पहचान पत्र के आधार पर आसानी से गेहूं बेच सकेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उप जिलाधिकारियों सहित समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है, ताकि हर केंद्र पर सुचारु व्यवस्था बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को बिना किसी असुविधा के उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए निरंतर निरीक्षण एवं प्रभावी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल (जालौन), उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह (कोंच), नायब तहसीलदार रोहन पंथ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई अधूरी रहते ही डीआईओएस अवैध चुनाव कराने में जुटे

### विद्यालयों की प्रबंध समितियों में धांधली का बड़ा फायदा उठाते हैं डीआईओएस

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** डॉ. अम्बेडकर इंटर कॉलेज जालौन की पूर्व प्रबंधक श्रीमती सीमा सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि डीआईओएस कूटरचित साधारण सभा सूची से प्रबंध समिति के चुनाव करा रहे हैं, जबकि यह पूरा मामला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी, झांसी में लंबित है। श्रीमती सिंह के अनुसार, रजिस्ट्रार ने 22 अप्रैल 2026 को सुनवाई की तारीख दी है, लेकिन विपक्षी पक्ष डीआईओएस से मिलीभगत कर एक सप्ताह के भीतर अवैध चुनाव कराने की साजिश रच रहा है। प्रार्थिनी का एकहना है कि सुनवाई पूर्ण होने तक यह चुनाव तुरंत रोका जाए और वर्ष 2018-19 की पंजीकृत सूची से ही चुनाव कराए जाएं। फिलहाल प्रशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं कि जब मामला विचाराधीन है, तो डीआईओएस को चुनाव कराने की इतनी जल्दी में क्यों है ?

# परिवारों को टूटने से बचाने में बहुत अहम भूमिका निभा रहा है परिवार परामर्श केन्द्र

### परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 06 परिवारों के समझौते कराकर बिखरने से बचाया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी ।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, हालत गंभीर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आज शाम करीब 4 बजे कदौरा-चतेला तिराहा स्थित अकील शाह होटल के सामने एक तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो चालक को पकड़ लिया और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कदौरा पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों की पहचान कदौरा कस्बे के मोहल्ला ईदगाह निवासी सोनू पुत्र सद्दू तथा उसके एक साथी के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

### माध्यमिक विद्यालयों की लेखा आडिट पर आपत्ति निस्तारण की उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष परशुराम श्रीवास सनातन धर्म इंटर कालेज उरई के नेतृत्व में पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गुर्जर जिला मंत्री, गिरेन्द्र सिंह कुशवाहा प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक संघ, डा.विनोद कुमार अहिरवार, अंजू वर्मा आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों द्वारा आपत्तियों का निराकरण कर अनुपालन आख्या जिला सम्परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा कार्यालय रामनगर झांसी रोड उरई को प्रेषित की गयी है। लेकिन जिला सम्परीक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने एवं आडीटर की नियुक्ति न होने के कारण एवं प्रभारी जिला सम्परीक्षा अधिकारी के पास तीन जिलों का प्रभार होने कारण आपत्तियों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा बार-बार अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के वेतन अवरुद्ध किये जाने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय अथवा राजकीय इंटर कालेज उरई में समिति बनाकर तहसीलदार आडिट आपत्तियों का निस्तारण करायें जाने की मांग उठाई है।

# नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम कुठौंद थाना प्रभारी की अध्यक्षता में सुना गया

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन।** आज कुठौंद थाना में नारी शक्ति बंधन माननीय प्रधानमंत्री का लाइफ़ प्रसारण प्रसारण सुना गया और देखा गया प्रसारण में बताया गया पंचायत से पार्लियामेंट तक निर्णय में नारी नव भारत की तैयारी कुठौंद थाना प्रभारी जगदम्बा प्रसाद द्विवेदी एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' के संबोधन का सीधा प्रसारण कुठौंद थाना परिसर कार्यालय में नारी शक्ति बंधन प्रधानमंत्री जी के लाइफ़ प्रसारण को नारी शक्ति के साथ श्रवण कर सुना देखा गया इस अवसर पर उपस्थित भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला के साथ मातृशक्ति ने देश के विकास में अपनी सशक्त भूमिका निभाने का संकल्प लिया, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में मजबूत भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है यह सशक्त भारत के निर्माण की नई दिशा है,प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प और प्रयासों से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33% तक सुनिश्चित होने जा रही है कार्यक्रम में पूजा शुक्ला, गोमती कुशवाहा, प्रीति परिहार, संगीता, उमा देवी, दीक्षा, शकुन्तला, मुन्नी देवी, आरती, सोनी, उर्मिला, नीलम, सरिता, मीरा कुठौंद प्रधान नरेंद्र महंत और समस्त थान स्टॉप उपस्थित रहा

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

### हर शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने पर जोर, अधिकारियों की जवाबदेही तय

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः से ही जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निर्धारित समयसीमा में उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच की आवश्यकता है, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि लंबित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जनसुनवाई के दौरान कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे जनशिकायतों की नियमित समीक्षा करें और प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें।

# बाबा साहेब की जयंती पर दिखेगा एकता का संगम

### जीआईसी मैदान बनेगा आयोजन का केंद्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती को लेकर जनपद में उत्साह अपने चरम पर है और इस बार का आयोजन जन-जन की भागीदारी का गवाह बनने जा रहा है। बहुजन नायक/ महानायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति की अंतिम समीक्षा बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि इस वर्ष नगर के प्रत्येक मोहल्ले से बाबा साहेब के जीवन पर आधारित भव्य झांकियां निकाली जाएंगी।

यह सभी झांकियां अपने-अपने क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए अम्बेडकर चौराहे पर एकत्रित होंगी और वहां से एक विशाल समूह के रूप में जीआईसी मैदान पहुंचेंगी। आयोजन की भव्यता का केंद्र जीआईसी मैदान होगा, जहाँ शाम 6 बजे से मुख्य कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा। इससे पूर्व सुबह 8 बजे से ही अम्बेडकर चौराहे पर 'भीम भोज' और मिष्ठान वितरण के जरिए उत्सव की शुरुआत हो जाएगी, जो सामाजिक समरसता का एक बड़ा संदेश देगा। ?जीआईसी मैदान में आयोजित होने वाली वैचारिक गोष्ठी इस वर्ष बौद्धिक विमर्श का मुख्य आकर्षण होगी, जिसमें नई दिल्ली से वरिष्ठ पत्रकार अनिल चमड़िया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ ही प्रो. बृजेन्द्र सिंह बौद्ध और प्रो. शरद चंद्र जैसे विद्वान बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो' के नारे को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में परिभाषित करेंगे। आयोजन समिति ने हर मोहल्ले की झांकियों और शोभायात्रा के अनुशासित संचालन के लिए अलग-अलग टोलियां तैनात की हैं, ताकि पूरा कार्यक्रम गरिमापूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। समिति ने अपील की है कि सभी नागरिक अपनी टोलियों और झांकियों के साथ समय पर अम्बेडकर चौराहे पर एकत्रित हों, जिससे जीआईसी मैदान में होने वाले मुख्य समारोह को ऐतिहासिक बनाया जा सके। यह आयोजन न केवल एक उत्सव है, बल्कि बाबा साहेब के विचारों को घर-घर तक पहुँचाने का एक सशक्त अभियान सिद्ध होगा। इस की बैठक में महेंद्र सिंह दोहरे, प्रवेंद्र पाल सिंह, राम अवतार गौतम, रमाकांत दोहरे, अवधेश गौतम,किशन बाबू, भगवतीशरण पांचाल, संत कुमार शिरोमणि, चंद्रशेखर, राजेंद्र सिंह पाल, सुधाकर राव गौतम, दीपक गौतम, दीपेंद्र सिंह गौतम, अजय कुमार योगा महाराज,मीडिया प्रभारी प्रदीप महतवानी आदि उपस्थित रहे है।

# अंबेडकर जयंती पर पूरे जिले में निकाली जाएगी डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा

( यंग भारत न्यूज )

- **अंबेडकर चौराहे से शुरू होकर उरई,कोंच,जालौन, माधौगढ़ व कालपी तहसील मुख्यालय व गाँव में जाएगी यात्रा**
- **गांव-गांव दिया जाएगा डॉ आंबेडकर का संदेश-एड. कुलदीप बौद्ध**

**उरई ( जालौन )।** अप्रैल माह को अम्बेडकर माह(दलित हिस्ट्री मंथ) के रूप में पिछले 1 अप्रैल से शुरू किये गए अभियान के तहत पुरे जिले के 135 से अधिक गाँव में बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच व दलित डिग्निटी एंड जस्टिस सेंटर की टीम ने पूरे जिले में डॉ. अम्बेडकर जयंती दलित सम्मान व न्याय सभा की शुरुआत की गयी जिसके तहत हर दिन अलग अलग गाँव,पंचायतों में लगातार कार्यक्रम किये जा रहे है जिसके क्रम में अम्बेडकर जयंती के दिन पुरे जिले में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा का निकलने का प्लान किया गया है अम्बेडकर जयंती के दिन सुबह डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर सभी टीम इकठ्ठा होगी जहाँ पर बाबा साहब पर माल्यार्पण किया जायेगा उसके बाद सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जायेगा और उसके बाद 14 सदस्यीय टीम लीडरों के नेतृत्व में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा शुरू होगी जो उरई जिला मुख्यालय से शुरू होकर उरई से कोंच व कोंच से जालौन, जालौन से माधौगढ़, माधौगढ़ से कालपी होते हुए सभी जिला मुख्यालय पर पहुंचे जहाँ विशाल जुलुस व सभा के रूप में डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई जाएगी। डॉ आंबेडकर सम्मान यात्रा के प्रमुख टीम लीडर तहसील कोर्डिनेटर उरई प्रदीप कुमार, तहसील कोर्डिनेटर कोंच सनेशराजा, रमेशचंद्र तहसील कोर्डिनेटर जालौन, उषा देवी व देबेन्द्र अनिल, तहसील कोर्डिनेटर माधौगढ़, सचिन चौधरी, तहसील कोर्डिनेटर कालपी, अनीता व सुरेन्द्र सहित एड. निकहत प्रवीन, मधु अनुरागी, एड. अजय सिंह, एड. किरन मेहरा, अनुराधा बौद्ध, मणि प्रजापति, आयुष कुमार, प्रदुम्न,अनुज यादव, प्रदीप यादव आदि रहेंगे जो समूचे जिले में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा का नेतृत्व करेंगे।सभी से इस महत्वपूर्ण डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुड़ने की अपील की गयी।

# उप मुख्यमंत्री से मिले बृजेंद्र ठाकुर, ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के लिए मुआवजे की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रंधीरपुर निवासी युवा नेता,जेंद्र ठाकुर ने बुंदेलखंड में हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश हुई थी जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। इसी गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के लोकप्रिय नेता बृजेंद्र ठाकुर ने लखनऊ में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान बृजेंद्र ठाकुर ने किसानों की बर्बाद हो चुकी रबी की फसलों का ब्यौरा देते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आग्रह किया कि किसानों के आर्थिक नुकसान का अविलंब आकलन कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए। उप मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया और अतर्रा-बिसंडा (बांदा) रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू हो, उपमुख्यमंत्री जी आश्वासन दिया की 11अगस्त से ओवर ब्रिज का काम शुरू हो जाएगा बृजेंद्र ठाकुर लगातार बुंदेलखंड की समस्या को सरकार के सामने रख रहे हैं

# विधुत अभियंता उपभोक्ताओं के यहां जबरदस्ती लगा रहे है स्मार्ट मीटर

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौपा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** एक ओर सरकार उपभोक्ता की अनुभूति के बगैर स्मार्ट प्री पेड मीटर नहीं लगाए जाने की घोषणा कर रही है। तो दूसरी ओर बिजली निगम स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवा रहा है। जबरन लगाए जा रहे मीटरों पर रोक लगवाने व लम्बे समय से बंद साइट को चालू कराने की मांग को लेकर सभासद के नेतृत्व में नगर के लोगों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है।

नगर के वार्ड संख्या आठ मोहल्ला शाहगंज, तोपखाना, खटीकान से सभासद रीना देवी के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताअ गोल्डी अवस्थी, अशफाक राईन, नफीस खान, सूरज प्रजापति, रहीसा बेगम, सकीरा, आयशा, अनीशा, फातमाने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री भारत सरकार, नई दिल्ली को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जनपद में कई जगह बिजली निगम द्वारा बिना उपभोक्ता की सहमति एवं अनुमति के घर-घर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। जबकि द्वारा सदन में यह कहा गया है कि किसी भी उपभोक्ता के घर जबरन स्मार्ट या प्रीपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा। इसके बावजूद विभाग द्वारा जनता की इच्छा के विरुघ्द्ध यह कार्य किया गया है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग के लोग अत्यंत परेशान और दुखी हैं। प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक बिल आने की शिकायतें मिल रही है, जिसके कारण लोग बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी मिली है कि सबंधित बेवसाइट भी लंबे समय से बंद चल रही है, जिसके कारण उपभोक्ता अपने कनेक्शन को पोस्टपेड में परिवर्तित कराने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली कट जाने के कारण बच्चों व बुजर्गों को परेशानी हो रही है। जनहित में जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की प्रक्रिया को तत्काल रूकवाया जाने एवं उपभोक्ताओं को पोस्टपेड मीटर का विकल्प उपलब्ध कराने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई।

# विवाहिता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

## रहस्यमय हैं परिस्थितिया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करसान में एक विवाहिता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करसान निवासी सकीना (24 वर्ष) पत्नी चमन मंसूरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उनकी हालत और गंभीर हो गई तथा कुछ ही देर में उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। विवाहिता की असमय मृत्यु से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।मृतिका के पिता रहिमुद्दीन ने बताया कि उस ने 2024 में बेटी की शादी की थी, चार माह पूर्व उसे एक बेटा हुआ था, तभी से उस की तबियत खराब चल रही थी, वही खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण साफ होगा।

# बेटे की शादी से पहले मजदूर के खेत में लगी आग, मेहनत की फसल जलकर राख

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** जनपद के सिरसा कलार थाना क्षेत्र निवासी सेवा राजोरिया के खेत में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 2 बीघा खेत में खड़ी/रखी फसल को अपनी चपेट में ले लिया और मेहनत की कमाई जलकर राख हो गई।

बताया जा रहा है कि पीड़ित सेवा राजोरिया मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं तथा उनके छोटे बेटे सुरेन्द्र की शादी 25 अप्रैल को निकट होने के कारण परिवार पहले ही आर्थिक दबाव में था। ऐसे समय में खेत में लगी आग ने परिवार की परेशानियाँ और बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए विद्युत विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है।ग्रामीणों ने बताया कि सेवा के पास सिर्फ यही दो बीघा जमीन है, पूरा परिवार मेहनत मजदूरी कर के जीवन यापन कर रहा है।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे सात जुआरी गिरफ्तार

## 15260 रुपये व मोबाइल फोन बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** नगर के मोहल्ला तोपखाना में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हार-जीत का खेल पर पुलिस ने छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हार-जीत का खेल रहे सात लोगों को पकड़ लिया है। जिनके पास से 15260 रुपये व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

कोतवाली प्रभारी हरिशंकरचंद्र को सूचना मिली कि मोहल्ला तोपखाना में खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोग सार्वजनिक स्थल पर हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने पुलिस टीम के साथ छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे रावतान निवासी शनि, कछोरन निवासी पूरन व सुनील, झांसी के ग्राम पहलगवां निवासी विपिन कुमार, शाहगंज निवासी समीर व नाजिम को पकड़ लिया है। पकड़े आरोपियों के पास से ताश की गड्डी, मोबाइल फोन, मालफड़ पर 14100 रुपये एवं 1160 रुपये बरामद हुए हैं। चौकी पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चार माह पूर्व हुए विवाहिता के साथ असलाह की नोक पर गैंगरेप के मामले में कोर्ट ने दर्ज कराई एफआईआर

## घटना के बाद तहरीर देने के बाबजूद पुलिस ने दबंगो के विरुद्ध दर्ज नही की थी एफआईआर

*( यंग भारत न्यूज )*

***जालौन-उरई ।*** *लगभग चार माह पूर्व मायके आ रही महिला को चार युवकों ने यूकेलिप्टस के बगीचे में खींचकर तमंचे की दम पर उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की थी। सुनवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ओारिपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश के लहार थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने न्यायालय को बताया कि उसका मायका कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हैं। महिला ने आरोप लगाया कि सिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी कौशल सतीश, कैलाश एवं कोतवाली क्षेत्र के हरीपुरा निवासी जितेंद्र उसे देखकर अश्लील बातें करते थे और अश्लील फब्तियां कसते थे। जिसका वह विरोध करती थी। इससे चारों उससे रंजिश मान बैठे। आरोप लगाया कि जनवरी माह में वह अपने मायके जा रही थी। तभी रास्ते में लौना गांव से पहले यूकेलिप्टस के बगीचे के पास चारों युवक पहले से ही घात लगाए बैठे थे। जब वह वहां से निकली तो चारों ने जबरन उसे रोक लिया और तमंचे की दम पर उसे खींचकर यूकेलिप्टस के बगीचे में खींच ले गए। जहां चारों ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चारों वहां से भाग गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और एसपी के यहां भी दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।*

# स्मार्ट मीटर के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, महिलाओं की भारी भागीदारी; बिजली विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** माधौगढ़ क्षेत्र के चितौरा स्टैंड पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अनियमितता बढ़ रही है तथा उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग पर मनमानी, गलत बिलिंग और उपभोक्ताओं की शिकायतों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रोकी जाए। महिलाओं ने कहा कि महंगी बिजली और गलत बिलों से परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर मामले की जांच कराने तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने की मांग की। चितौरा स्टैंड पर हुए इस प्रदर्शन से क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ते जनविरोध की तस्वीर साफ दिखाई दी।

# पुलिस कर्मियों ने प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कही

( यंग भारत न्यूज )



**उरई( जालौन )।** सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देशों के अनुरूप थानेदारों पुलिसकर्मियों तथा महिलाओं की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को डीडी न्यूज़ चैनल के माध्यम से सुना गया। इस दौरान पीएम ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारियां देते हुए इसको ऐतिहासिक कदम बतलाया है।

कोतवाली कालपी के परिसर महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी एवं महिला शक्ति केंद्र के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह भदौरिया, कांस्टेबल अजय कुमार, आशीष कुमार, वीरेंद्र, रवि प्रकाश, महिला कांस्टेबलो नेहा पटेल, सोनम देवी, संध्या यादव, प्रीती त्यागी, सोनी गौतम समेत महिलाओं ने सहभागिता की। डीडी न्यूज़ चैनल के माध्यम से प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जो लोग सभा एवं राज्यों की विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा आरक्षित करता है। इसे 21 वीं सदी का फैसला बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसका उद्देश्य नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़कर उसे निर्णायक बनाना है। कार्यक्रम में महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी ने कहा कि काफी संख्या में पीएम के उद्बोधन को सुना गया है।

# बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित होगी भव्य शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**गोहन( जालौन )।** गोहन के अंबेडकर पार्क स्थित परिसर में बी आर आंबेडकर जनजागरण समिति शहबाजपुर के तत्वाधान में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई, 14 अप्रैल को होने वाली शोभायात्रा की रूपरेखा तय की गई। इस रैली के माध्यम से डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है।

आयोजकों ने बताया कि रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों के शामिल होने की संभावना है। पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और लोग इस आयोजन को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।रैली के जरिए अंबेडकर जयंती के संदेश को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने गोहन सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे 14 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।इस अवसर पर छोटेलाल त्यागी,तिलक सिंह,प्रदीप कुमार,ज्ञान सिंह,मोहर सिंह,अंकुश चावला,मुकेश कुमार,सुमित रही,आंसू,गौरव प्रिंस,गोलू त्यागी,बबलू त्यागी,सुनील कुमार,शैलेन्द्र कन्नौजिया,प्रियल चावला, रिंकू राहुल सौरभ,सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बिजली संकट से नाराज़ लोगों ने चुरखी रोड पर लगाया जाम, पुलिस के समझाने पर किसी तरह खुला रास्ता

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** शहर के चुरखी रोड क्षेत्र में कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज़ स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित नागरिकों ने सड़क पर उतरकर जाम लगाते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र में कई दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर लोगों ने सड़क जाम कर विरोध दर्ज कराया। जाम की सूचना मिलते ही उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस की समझाने के बाद यातायात सामान्य हो सका, हालांकि लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।लगातार बिजली संकट को लेकर क्षेत्रीय लोगों में विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है।

# कुठौंद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 12 लोगों ने किया रक्तदान

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ।** मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी के कुशल नेतृत्व में रक्त कोष विभाग द्वारा न्यूपुष्पा पॉली क्लिनिक, कुठौंद में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन क्लिनिक के संचालक डॉ. राहुल झा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता देखने को मिली और कुल 12 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

रक्तदान करने वालों में पुष्पा सिंह (55 वर्ष), हरिओम (50 वर्ष), गोपाल शिवहरे (24 वर्ष), शान मोहम्मद (25 वर्ष), कृष्णा कुमार (27 वर्ष), राघव राम गुप्ता (23 वर्ष), करन यादव (27 वर्ष), डॉ. राहुल झा (39 वर्ष), राघवेन्द्र यादव (34 वर्ष), राहुल कुमार (23 वर्ष), आशीष कुमार (36 वर्ष) तथा कृष्ण कुमार (30 वर्ष) शामिल रहे। शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर रक्त कोष विभाग की टीम में डॉ. माशूक सिद्दीकी (सहायक आचार्य), राहुल कुमार (काउंसलर), अमित राज (लैब टेक्नीशियन), उमेश कुशवाहा (लैब टेक्नीशियन), ऋषभ कुमार (लैब सहायक) तथा अमन कुमार (लैब सहायक) सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंदों की जान बचा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर का समापन सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# 154 कोटेदारों से 5832 खाली बोरियां जमा कराई गई

## सरकारी गेहूं की खरीद में होगी बोरियां इस्तेमाल -मिश्रा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों में वरदाना की समस्या को खत्म करने के लिए कोटेदारों से खाली बोरियों को एकत्रित करने में पूर्ति विभाग जुट गया है। पूर्ति निरीक्षक उज्जवल मिश्रा की विभागीय टीम के द्वारा 5832 खाली बोरियां एकत्रित करके हाउस गोदाम को पहुंचा दी गई है। तथा यह क्रय निरंतर चल रहा है।

विदित हो कि वारदाना गैर प्रोत से न आ पाने के कारण लेवी गेहूं खरीद करने के लिए सरकारी केंद्रों में समस्या बनी हुई थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर कोटेदारों के पास से सरकारी खाद्यान्न ने की गई खाली बोरियों को पूर्ति विभाग के द्वारा इकट्ठा कराया जा रहा है। इन्हें खाली बोरियों में फिर से सरकारी क्रय केंद्र में खरीदे गए गेहूं को भरा जा सकेगा। तहसील कालपी के पूर्ति निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने बताया कि तहसील क्षेत्र मे संचालित 176 राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानें हैं। जिसमें 154 कोटेदार के द्वारा 5832 खाली गोरिया जमा कराई गई है। खाली बोरियां मार्च 2026 माह के कोटेदारों की दुकानों से खाली बोरियों की संख्या है। पूर्ति निरीक्षक के अनुसार अप्रैल माह में सरकारी उचित दर की दुकान सरकारी खाद्यान्न की खाली बोरियां 16748 जमा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे पूरा किया जाएगा।

# हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गौशाला से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**कालपी -उरई ।** सोमवार को गौशाला की अव्यवस्था को लेकर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को सौंपते हुए सुधार करने की मांग की है।विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रकरण की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष बब्बन सिंह , उपाध्यक्ष प्रशांत सेंगर लल्ला , मंत्री सचिन त्रिपाठी , ऑपरेशन विजय राम प्रताप सेंगर , बजरंग दल के अध्यक्ष हर्ष विश्नोई, सभासद अतुल सिंह चौहान, कोमल चौहान, सुनील पटवा, लालू जाटव, मंटू विश्नोई, ऋषि चौहान, जग्गू खटीक,अखिलेश कोष्ठा, निखिल पंडित, नगर संयोजक छोटू राजा, आदित्य पंडित, विकास शर्मा, गोलू सिंह, आशिक, छोटू तिवारी,राम जी जाटव, वरदान बर्मा, मोहन (मुख्य सुचनादाता), ऋषभ द्विवेदी, प्रीतु ठाकुर, मोहन शुक्ला ,रशीद अहमद,भाजपा के नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, अश्वनी तिवारी, हरिबाबू गुप्ता आदि कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

# मेरठ 'भूत बंगले' के वो 5 महीने. पोस्टमार्टम रिपोर्ट से नहीं सुलझी प्रियंका की मौत की गुत्थी, अब मोबाइल खोलेगा राज!

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** प्रदेश के मेरठ में बेटी की लाश संग 5 महीने रहने वाले पिता के केस में अब एक और अड़चन सामने आई है. मृतका का शव सड़कर कंकाल बन चुका था, जिस कारण पोस्टमार्टम करने में काफी कठिनाई आई. उसकी रिपोर्ट साफ नहीं आ पाई है.जिस कारण अब मृतका के मोबाइल को खंगाला जाएगा, ताकि मौत की हकीकत पर से पर्दा उठ सके. दरअसल, सदर बाजार के तेली मोहल्ला में एक पिता अपनी जवान बेटी की लाश के साथ महीनों तक एक ही छत के नीचे रहा. दुर्गंध को दबाने के लिए वह परफ्यूम छिड़कता रहा और जब लाश कंकाल में बदलने लगी, तो उसे कमरे में बंद कर तीर्थ यात्रा पर निकल गया.



यह मामला जितना दर्दनाक है, इसकी गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए उतना ही चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है. शुक्रवार रात जब पुलिस ने तेली मोहल्ला स्थित घर का दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का मंजर भयावह था. 20-22 साल की प्रियंका का शव पूरी तरह सड़ चुका था. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने जब शव का पोस्टमार्टम किया, तो पाया कि प्रियंका के शरीर के 80 प्रतिशत से ज्यादा अंग नष्ट हो चुके थे. कंकाल के नाम पर केवल पैर का कुछ हिस्सा और हड्डियां ही शेष बची थीं. डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि शव इतना पुराना और गल चुका है कि मृत्यु का सही समय और कारण पता लगाना अब चिकित्सा विज्ञान के लिए लगभग असंभव है. इस रिपोर्ट ने पुलिस के सामने एक बड़ी कानूनी दीवार खड़ी कर दी है.

### लाश के साथ पिता की रहस्यमयी जिंदगी

मृतका का पिता उदय भानु, जिसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं बताई जा रही है, बेटी की मौत के बाद भी महीनों तक उसी घर में रहा. जब लाश सड़ने लगी और बदबू पड़ोसियों तक पहुँचने का डर हुआ, तो वह लगातार घर में परफ्यूम का इस्तेमाल करता रहा. दिसंबर के महीने में वह मकान में ताला लगाकर हरिद्वार और देहरादून चला गया.

हैरानी की बात यह है कि वह वहां के धर्मशालाओं में रुका और पंडितों से गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार की विधि पूछता रहा. तीन दिन पहले जब कुछ रिश्तेदारों ने उसे बेगम बाग इलाके में देखा और प्रियंका के बारे में कड़ाई से पूछा, तब जाकर इस खौफनाक राज का पर्दाफाश हुआ.

### प्रियंका का मोबाइलः आखिरी उम्मीद

अब जबकि मेडिकल रिपोर्ट ने हाथ खड़े कर दिए हैं, पुलिस की सारी उम्मीदें प्रियंका के मोबाइल फोन पर टिकी हैं. उदय भानु अपनी बेटी का फोन भी अपने साथ हरिद्वार ले गया था. ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि मोबाइल की कॉल डिटेल्स, मैसेज या किसी वीडियो रिकॉर्डिंग से यह पता चल सकता है कि मौत के आखिरी घंटों में प्रियंका के साथ क्या हुआ था. एसएसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर मेरठ पुलिस की एक टीम उदय भानु को साथ लेकर हरिद्वार रवाना हुई है, ताकि उस धर्मशाला से मोबाइल बरामद किया जा सके जहाँ वह रुका था. मोबाइल मिलने के बाद उसे फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा.

### मनोचिकित्सक करेंगे पिता की काउंसलिंग

उदय भानु के बयान बार-बार बदल रहे हैं. कभी वह बेटी की बीमारी की बात करता है, तो कभी चुप्पी साध लेता है. पुलिस अब एक पैनल ऑफ सायकायट्रिस्ट (मनोचिकित्सकों की टीम) से उदय भानु की काउंसलिंग कराएगी. पुलिस यह जानना चाहती है कि क्या यह केवल मानसिक बीमारी का मामला है या फिर इस ख़ामोशी के पीछे कोई सोची-समझी वारदात छिपी है. पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है कि पिछले 5 महीनों के दौरान उदय भानु का व्यवहार कैसा था और क्या किसी ने प्रियंका की चीखें सुनी थीं. फिलहाल, पुलिस कानूनी विशेषज्ञों से राय ले रही है कि बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इस मामले में ठोस चार्जशीट कैसे दाखिल की जाए.

# जेल से सुलग रही थी जिस्मफरोशी की आग, मुन्नी बेगम गिरफ्तार

## 4 नाबालिग समेत 9 लड़कियां रेस्क्यू

*( यंग भारत न्यूज )*

*शहर के खगड़ा में रविवार की शाम वह हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। ऑपरेशन सवेरा के तहत जब पुलिस ने रेड लाइट एरिया की घेराबंदी की, तो वहां चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। पुलिस को देखते ही लड़कियां गलियों में भागने लगीं, लेकिन खाकी के आगे उनकी एक न चली।*



*पुलिस के जवानों ने 500 मीटर तक दौड़ लगाकर भाग रही लड़कियों को धर दबोचा। इस सनसनीखेज छापेमारी में 9 लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें से 4 की उम्र देख पुलिस भी दंग रह गई वे मासूम नाबालिग थीं।*

### मुन्नी और उसके बॉयफ्रेंड का मायाजाल

*इस पूरे गोरखधंधे की मास्टरमाइंड मुन्नी बेगम और उसका बॉयफ्रेंड सोनू अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। मौके से 25 पैकेट कंडोम और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं, जो यहां चल रहे गंदे खेल की गवाही दे रहे थे। लेकिन कहानी सिर्फ मुन्नी तक सीमित नहीं है; इस काले साम्राज्य की जड़ें बहुत गहरी हैं।*

### जेल की सलाखों के पीछे से रिमोट कंट्रोल

*जांच में जो सबसे चौंकाने वाला मोड़ आया है, वह है मुन्नी के भाई कृष्णा खलीफा का नाम। बताया जा रहा है कि कृष्णा जेल में बंद होने के बावजूद वहां से इस पूरे गैंग को ऑपरेट कर रहा है। यह सिर्फ देह व्यापार नहीं, बल्कि 5 लाख रुपये में लड़कियों की सौदेबाजी का एक क्रूर बाजार है। मुन्नी का परिवार दशकों से अपराध की दुनिया में सक्रिय है, जिन पर हत्या और मानव तस्करी जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।*

### तीन राज्यों में फैला मौत का सौदागरों का नेटवर्क

*स्थानीय लोगों की मानें तो असम और बंगाल के गरीब गांवों से भोली-भाली लड़कियों को खरीदकर यहाँ लाया जाता है। उन्हें कई दिनों तक अंधेरे कमरों में कैद रखा जाता है और फिर शुरू होता है शोषण का वो सिलसिला जिसे सुनकर रूह कांप जाए। स्थानीय निवासी शकील और राजीव ने बताया कि यह इलाका अब नर्क बन चुका है और बच्चों के भविष्य पर इसका जहर घुल रहा है।*

### तस्करों के बड़े सिंडिकेट पर पुलिस की नजर

*एसडीपीओ मंगलेश कुमार और डीएसपी अशोक कुमार ने साफ कर दिया है कि यह महज एक छापेमारी नहीं, बल्कि एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह की कमर तोड़ने की शुरुआत है। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ में कई बड़े नाम सामने आने की संभावना है। फिलहाल रेस्क्यू की गई लड़कियों को काउंसलिंग के लिए सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है और पुलिस की फाइल में अब कई नए 'सफेदपोश' गुनहगारों के नाम जुड़ने वाले हैं।*

# अब नहीं डस पाएंगे सांप! खेत हो या जंगल बेधड़क घूमें, वैज्ञानिकों ने बना दी रामबाण चीज

( यंग भारत न्यूज )

हमारे देश में आए दिन सांपों के निकलने की घटनाएं देखने को मिलती हैं. अक्सर लोगों को कभी घर में तो कभी खेतों में जहरीले सांप डस लेते हैं.रात में खेतों में पानी लगाने के लिए जाने वाले किसानों को सबसे ज्यादा खतरा नाग देवताओं का ही होता है. हालांकि अब चाहे खेत हों या जंगल इन विषधरों से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय वैज्ञानिकों ने एक ऐसी रामबाण चीज बना दी है जो 100 मीटर दूर से ही सांपों की मौजूदगी का पता बता देगी.



भारतीय वैज्ञानिकों ने दूर से ही सांपों का पता बताने वाली कसिान मत्रि छड़ी विकसित की है. यह छड़ी 100 मीटर के दायरे में मौजूद सांप ही नहीं बल्कि किसी भी जहरीले जीव का पता बताने में माहिर है. सामान्य छड़ी की तरह दिखाई देने वाली इस छड़ी में एक बटन लगा हुआ है, जिसे दबाने के बाद यह एक्टिव हो जाती है और सांपों के मौजूद होने की सूचना देती है. बता दें कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस छड़ी के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि इसका नाम कृषि मित्र छड़ी है. मध्य प्रदेश के रायसेन में चल रहे 3 दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेले (उन्नत कृषि महोत्सव) में शामिल हुए मंत्री चौहान ने कि?सान मित्र छड़ी की विशेषताएं भी बताईं.शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह किसान मित्र छड़ी है. कई बार किसान रात में खेतों में पानी लगाने जाते हैं तो ऐसी कई दुर्घटनाएं होती हैं कि सांप ने काट लिया. यह छड़ी ऐसी घटनाओं से बचा सकती है. किसान इस छड़ी को लेकर खेत में जाएं और फिर इसे जमीन पर रखने के बाद इसमें लगा बटन दबाना होता है. अगर सांप आसपास होगा तो यह बड़े जोर-जोर से कंपन करने लगती है और किसान सावधान हो सकते हैं.

### छड़ी कैसे भगाती है सांप?

बता दें कि किसान खेतों में इस छड़ी को लेकर जाएंगे और इसका बटन दबाएंगे. अगर सांप या कोई जहरीला जीव आसपास है तो यह छड़ी जोर-जोर से कंपन करने लगेगी. इससे किसान की समझ में आ जाएगा कि आसपास खतरा है. यह छड़ी करीब 100 मीटर के दायरे में सांप की मौजूदगी को भांप लेती है और किसान को कंपन के माध्यम से इशारा कर देती है. शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि जैसे ही यह छड़ी कांपती है तो किसान को अंदाजा हो जाता है कि यहां सांप हो सकता है और उससे बचना है.

### भारत में सांपों के काटने की घटनाएं

बता दें कि भारत में हर साल 30 से 40 लाख सांपों के काटने की घटनाएं सामने आती हैं, इनमें से करीब 58 हजार लोगों की मौत हो जाती है, जो एक बड़ा आंकड़ा है. इनमें से ज्यादातर लोग किसान होते हैं जो रात में या दिन में खेतों में काम करने के लिए जाते हैं और वहां उन्हें सांप डस लेते हैं.

### भारत में कितने तरह के सांप मिलते हैं?

भारत में करीब 350 किस्म के सांप देखने को मिलते हैं. हालांकि सांप की इन प्रजातियों में से सिर्फ 10 फीसदी ही जहरीली हैं, लेकिन वे इतनी खतरनाक हैं कि अगर काटने के कुछ मिनटों में यानि गोल्डन टाइम में मरीज को इलाज न मिले तो उसकी जान जा सकती है. ऐसी स्थिति में यह छड़ी काफी फायदेमंद हो सकती है.

# प्रमोशन चाहिए तो बीफ खाओ! नासिक की IT कंपनी में हिंदू लड़कियों से हैवानियत?

( यंग भारत न्यूज )

**नासिक।** जिहाद के मामले अब तक गलियों-मोहल्लों से सामने आते थे, लेकिन अब ये कॉर्पोरेट दफ्तरों तक पहुंच गया है। महाराष्ट्र के नासिक से एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नामी IT कंपनी के BPO डिपार्टमेंट में हिंदू लड़कियों को नौकरी पक्की करने और प्रमोशन का झांसा देकर उनके साथ यौन उत्पीड़न करने, धर्म बदलने के लिए मजबूर करने और बीफ खाने के लिए दबाव डालने का आरोप लगा है।



बीजेपी नेताओं ने इसे 'कॉरपोरेट जिहाद' बताया है। इस मामले में एक महिला समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

नासिक के सातपुर इलाके में स्थित एक IT कंपनी के BPO ऑफिस में मुस्लिम मैनेजरों के अंडर हिंदू लड़कियों को नौकरी पर रखा जाता था। आरोप है कि सैलरी बढ़ाने और नौकरी पक्की करने का लालच देकर हिंदू लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया जाता था। इतना ही नहीं, उन पर नमाज पढ़ने और बीफ खाने के लिए भी दबाव बनाया जाता था। यह भी आरोप है कि हिंदू लड़कियों के सामने उनके धर्म का मजाक उड़ाया जाता था। उनसे कहा जाता था कि शिवलिंग जननांग जैसा है, कृष्ण अय्याश थे और द्रौपदी एक वेश्या थीं। शिकायत के मुताबिक, यह सब 2022 से 2026 तक लगातार चलता रहा। 25 मार्च को एक लड़की ने हिम्मत दिखाकर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने बाकी लड़कियों से भी आगे आने की अपील की, जिसके बाद 7 और लड़कियों ने शिकायत दी। इस मामले में अब तक 9 FIR दर्ज हो चुकी हैं। आसिफ अंसारी, शफी शेख, शाहरुख कुरैशी, रजा मेमन, तौसीफ अत्तर, दानिश शेख और एक महिला एचआर मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर आरोपी शादीशुदा हैं।

### खुफिया ऑपरेशन

मामले की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई थी। पीड़ित लड़कियों का भरोसा जीतने के लिए SIT ने एक खुफिया टीम बनाई, जिसमें 6 महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल थीं। इन अधिकारियों ने लड़कियों से संपर्क साधा और उनका विश्वास जीता। उन्होंने मीटिंग और दूसरे मौकों पर होने वाले अत्याचारों के बारे में जानकारी इकट्ठा की। इसी के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी हो पाई।

### कॉरपोरेट जिहाद

बीजेपी नेताओं ने इस घटना को 'कॉरपोरेट जिहाद' का नाम दिया है। उनका आरोप है कि यह कॉर्पोरेट सेक्टर में हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने की एक सोची-समझी साजिश है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# टल सकता है यूपी पंचायत चुनाव, पंचायतों में बैठाए जाएंगे प्रशासक, फाइनल वोटर लिस्ट की तारीख बढ़ी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी पंचायत चुनाव की तैयारी में लगे उम्मीदवारों को झटका लगा है। निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख एक बार फिर बढ़ा दी है। अब अंतिम सूची 22 अप्रैल को जारी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी न होने के कारण फिर तारीख बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल, पंचायत चुनाव टलना तय माना जा रहा है। ऐसे में अगले महीने पंचायतों में प्रशासक बैठा दिए जाएंगे।




संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल तक मतदाता सूचियों का कंप्यूटरीकरण, मतदेय स्थलों की मैपिंग, वार्डों का क्रमांकन और फोटो प्रतियां तैयार करने का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद 22 अप्रैल को अंतिम सूची प्रकाशित होगी। इसके पहले 15 अप्रैल को अंतिम सूची का प्रकाशन होना था। कागजी कार्रवाई पूरा न होने की वजह से समयावधि बढ़ाई गई है। मालूम हो कि 23 दिसंबर 2025 में आयोग ने पुनरीक्षण की अनंतिम सूची जारी की थी।

### यूपी से मिलीं लाखों आपत्तियां

अनंतिम सूची में 12.69 करोड़ मतदाता दर्ज थे, जो पिछले चुनाव के मुकाबले 40.19 लाख अधिक हैं। इस पर आयोग ने दावे और आपत्तियां मांगे थे। प्रदेश भर से लाखों आपत्तियां मिलीं। जिसका आयोग ने सुनवाई कर निस्तारण किया। अब जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तब मतदाताओं की वास्तविक बढ़ोतरी की संख्या और कुल मतदाताओं का पता चलेगा। फिलहाल, इससे पहले 15 जनवरी और फिर 15 अप्रैल को इसे जारी किया जाना था। अब फिर तारीख बढ़ा दी गई है। उधर, अभी तक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का भी गठन नहीं हुआ है ।26 मई को ग्राम पंचायतों का कार्यकाल खत्म होगा। अब पंचायत चुनाव होना मुश्किल है। अब पंचायतों में प्रशासक बैठा दिए जाएंगे।

### पंचायत चुनाव समय से कराने की प्रधानों ने उठाई आवाज

*अयोध्या अखिल भारतीय प्रधान संगठन की जिला कार्यकारिणी की नगर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में बैठक हुई। इसमें आगामी पंचायत चुनाव की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा की गई और समय से चुनाव कराने की मांग की गई। प्रधानों ने समय से चुनाव न कराने पर कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानों नक निर्णय लिया है कि समय से पंचायत चुनाव कराना सरकार एवं चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, क्योंकि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश समय पर चुनाव नहीं हो पाते हैं तो सरकार को प्रधानों का कार्यकाल कम से कम एक वर्ष के लिए बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकाल बढ़ाने में कोई संवैधानिक बाधा आती है तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।*

# बर्थडे पार्टी में डांस कर रही अपनी मासूम बेटियों, को देख भड़का सलीम और चाकू निकाल वहशी' बन गया!..

( यंग भारत न्यूज )

हाल ही में उत्तर प्रदेश से ही खबर आई थी कि एक पति ने बुर्का-नकाब नहीं पहनने की वजह से अपनी पत्नी और 2 मासूम बेटियों की हत्या कर डाली थी. इस बार कुछ ऐसा ही मेरठ से सामने आया है. यहां सलीम को बेटियों का डांस करना पसंद नहीं था. इसी चक्कर में उसने अपने ही सगे साले के साथ कांड कर डाला.

**सलीम का कांड जानिए**

मेरठ के नईम ने अपनी बेटी की बर्थडे पार्टी आयोजित की. 6 साल की मासूम अतीबा का जन्मदिन मनाने के लिए उसने रिश्तेदारों को भी बुलाया. मगर यहां हत्याकांड को अंजाम दे दिया गया. दरअसल नईम मेरठ के लिसाड़ी गेट का रहने वाला है. उसकी 6 साल की बेटी अतीबा का रविवार के दिन जन्मदिन था. मासूम की बर्थडे पार्टी पर नईम ने अपने मौसा सलीम के परिवार को भी बुलाया था.

सलीम अपनी बेटियों और पत्नी को लेकर बर्थडे पार्टी में आ भी गया. सलीम ने अपने साले यूनुस को भी बुला लिया. नईम ने बेटी का केक कटवाया. इस दौरान सलीम की बेटियां डांस करने लगी. बेटियों का डांस करना सलीम को पसंद नहीं आया और वह भड़क गया. अगले ही पल यहां जो हुआ, उससे हड़कंप मच

**बेटियों को घर ले जाने लगा सलीम तभी...**

जब सलीम की बेटियों डांस करने लगी तो ये देख सलीम भड़क गया. उसने गुस्से में दोनों बेटियों का हाथ पकड़ा और उन्हें घर ले जाने लगा. इसी बीच सलीम का साला युनूस और भांजा नौशाद उसे समझाने के लिए आगे आ गए. मगर सलीम इस दौरान अपने साले युनूस पर भी भड़क गया और उसने अचानक युनूस के सीने पर चाकू घोप दिया. बता दें कि जैसे ही सलीम ने अपने साले युनूस के सीने पर चाकू घोपा, वह तड़प-तड़प कर जमीन पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. इस दौरान भांजा नौशाद भी घायल हो गया. बता दें कि पुलिस ने सलीम को गिरफ्तार कर लिया है. वह अपनी बेटियों के डांस से इतना नाराज था कि उसने अपने ही साले की हत्या कर डाली और भांजे को भी घायल कर दिया. फिलहाल पुलिस ने सलीम को गिरफ्तार कर लिया है.

**पुलिस ने ये बताया**

इस मामले को लेकर मेरठ (एसपी सिटी) आयुष विक्रम ने बताया, बर्थडे पार्टी में विवाद हुआ था. मृतक-आरोपी रिश्ते में जीजा-साले हैं. आरोपी सलीम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है. वह गिरफ्त में हैं.

**मैच प्रीव्यू...**

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स, सनराइजर्स के सामने बड़ी चुनौती!

हैदराबाद

बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी।

रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है। टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए।

### रॉयल्स की गेंदबाजी में सुधार

*रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं। जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह नौ विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में सबसे ऊपर हैं जबकि रविंद्र जडेजा के टीम से जुड़ने से स्पिन विभाग को और मजबूती मिली है।*

**आज शाम 7.30 बजे से हैदराबाद में वैभव और ईशान की टीम के बीच रोमांचक मैच**





### हैदराबाद टीम का कमजोर पक्ष गेंदबाजी

गेंदबाजी हालांकि टीम का कमजोर पक्ष है और नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी ने टीम की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गेंदबाजी आक्रमण विरोधी बल्लेबाजों को रोकने में जूझ रहा है विशेषकर बल्लेबाजी के अनुकूल हालात में जिससे बल्लेबाजों पर और दबाव पड़ रहा है। सनराइजर्स को अगर रॉयल्स की लय बिगाड़नी है तो शुरुआती विकेट और चटकाने होंगे तथा गेंदबाजी में एकजुट प्रदर्शन करना होगा।

### हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला

इसके उलट सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है। अपने चार में से तीन मैच हारने के बाद पूर्व चैंपियन टीम छठे स्थान पर हैं। टीम अपनी पुरानी रणनीति पर चल रही है। वे तेज शुरुआत के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी जोड़ी पर निर्भर हैं लेकिन दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कार्यवाहक कप्तान इशान किशन भी अपनी शुरुआती पारी के बाद खराब फॉर्म में हैं। रन बनाने की जिम्मेदारी अधिकतर समय हेनरिक क्लासेन ने निभाई है, जिन्होंने चार पारियों में 184 रन बनाए हैं और सनराइजर्स को कछ मौकों पर वापसी दिलाने में सफल रहे हैं।

**मैच का समय : 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू**

## खबर संक्षेप



### बरवाल ने मैराथन में तोड़ा 48 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम।** सावन बरवाल ने रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### केकेआर के लिए राहत, 18 करोड़ के खिलाड़ी को मिली एनओसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अच्छी खबर है। तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से आईपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गई है। पथिराना को नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 18 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार पथिराना 14 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में उपलब्ध रहेंगे।

### राष्ट्रीय सर्फिंग के चैंपियन बने शिवराज और कमाली



**नई दिल्ली।** शिवराज बाबू और कमाली मूर्ति ने लिटिल अंडमान प्रो 2026 टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का ओपन सर्फिंग खिताब जीत लिया। शिवराज 13.63 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने श्रीकांत डी को सिर्फ 0.30 अंक के अंतर से हराया, जिनका स्कोर 13.33 रहा। किशोर कुमार 12.87 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे रहे जबकि संजय सेल्वमणि ने एक कड़े मुकाबले में 9.30 अंक बनाए। महिलाओं के ओपन सर्फिंग फाइनल में कमाली का दबदबा देखने को मिला।

### टाइटंस ने सुपर जायंट्स को 7 विकेट से दी शिकस्त

# गुजरात की दूसरी जीत, लखनऊ ढेर बटलर-गिल की फिफ्टी, कृष्णा का कहर

लखनऊ

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त दी।

सुपर जायंट्स को 8 विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए।

### कृष्णा ने फेंका सबसे बेहतरीन स्पेल

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने आईपीएल करियर का सबसे बेहतरीन स्पेल फेंका। प्रसिद्ध ने एडेन मार्करम, आयुष बदोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी का विकेट चटकाया और एलएसजी को 164 रनों के स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले साल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलते हुए कृष्णा ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट निकाले थे, जो इस मुकाबले से पहले उनका बेस्ट बॉलिंग स्पेल था।





### कोहली से आगे निकले गिल

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल के 19वें मैच में कप्तानी पारी खेली और अर्धशतक लगाया। गिल ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। गिल अब आईपीएल में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। गिल ने इस मैच में अपना अर्धशतक 34 गेंदों पर पूरा किया और 56 रन की पारी खेली। इस पारी के दम पर उन्होंने आईपीएल में अपने 4000 रन भी पूरे कर लिए। गिल ने ये कमाल 118 पारियों में किया और इस लीग में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और विराट कोहली को तीसरे नंबर पर धकेल दिया।

### जोस बटलर की खास उपलब्धि

इकाना क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबले में जोस बटलर ने टी20 क्रिकेट में खास उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले महज पांचवें बल्लेबाज हैं। बटलर से पहले यह मुकाम सिर्फ क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, एलेक्स हेल्स और डेविड वॉर्नर ही हासिल कर सके हैं। टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड गेल के नाम है, जिन्होंने 463 मुकाबलों में 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 14,562 रन बनाए हैं। वहीं, पोलार्ड ने 735 मुकाबलों में 150 के स्ट्राइक रेट से 14,482 रन बनाए हैं। हेल्स के नाम 14,449 दर्ज हैं तो वॉर्नर ने 14,121 रन बनाए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के महज दूसरे बल्लेबाज हैं।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 | 21 | 5 | 1 |
| मार्श का गिल बो रबाडा | 11 | 4 | 1 | 1 |
| पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 | 11 | 2 | 1 |
| बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 9 | 11 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 | 21 | 0 | 2 |
| समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 | 22 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 | 4 | 1 | 1 |
| लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 | 10 | 3 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 | 5 | 1 | 1 |
| आवेश खान नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 9 कुल योग: (20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन)
गेंदबाजी: सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 | 14 | 3 | 0 |
| गिल का पंत बो प्रिंस | 56 | 40 | 6 | 1 |
| बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 | 37 | 11 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 | 13 | 2 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 | 8 | 1 | 0 |

अतिरिक्त 03 कुल योग: (18.4 ओवर में तीन विकेट पर) 165 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-36-1, प्रिंस4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे3-0-28-0, आवेश2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0.



# रॉयल चैलेंजर्स 18 रन से जीती मुंबई लगातार तीसरा मैच हारी

**सॉल्ट, कोहली और पाटीदार की फिफ्टी**

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली के अर्धशतकों से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी ने शीर्ष क्रम में सॉल्ट (78 रन), पाटीदार (53 रन) और कोहली (50 रन) की बदौलत चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन बना सकी। उसके लिए शेरफाने रदरफोर्ड ने 31 गेंद में 71 रन (नौ छक्के, एक चौका) की नाबाद पारी खेली और शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 40 रन, रेयान रिकलटन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 33 रन का योगदान दिया। आईपीएल के 13 सत्र में पहली दफा टूर्नामेंट की शुरूआत जीत से करने के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम इस लय को जारी नहीं रख सकी जिससे उसे लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी।

वहीं गत चैंपियन आरसीबी की यह चार मैच में तीसरी जीत है जिससे वह छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैच में कई वाइड और नो-बॉल हुईं तथा कई रिव्यू लिए गए जिससे मैच खत्म होने में काफी समय लगा। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए।

# आरित ने किया आईएम नॉर्म हासिल बने सबसे कम उम्र के भारतीय

नई दिल्ली

दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। आरित ने प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया।



### 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफ रहा, जिन्हें 'शतरंज की दुनिया का मेसी' कहा जाता है।

# महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं शिविका



**बुडापेस्ट।** भारत की शिविका रोहिल्ला यहां संपन्न पहले सैटरडे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में क्रोएशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर रुडोल्फ सेर्टिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गईं। वर्ष 2023 में अपना पहला नॉर्म हासिल करने वाली शिविका पिछले 10 टूर्नामेंट में अंतिम नॉर्म हासिल करने में करीब पहुंचीं थी लेकिन उन्होंने मौके गंवा दिए। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत में बड़ी जीत की बदौलत उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया और अंतिम चरण में लड़खड़ाने के बावजूद दिल्ली की यह खिलाड़ी अंतिम नॉर्म हासिल करने में सफल रहीं। शिविका ने नौ बाजियों में 4.5 अंक जुटाए, जिससे उन्हें रेटिंग में भी फायदा हुआ। उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स के लिए जरूरी रेटिंग अंक 2025 में पोलैंड में टूर्नामेंट में बाद हासिल कर लिए थे। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें अब महिला ग्रैंडमास्टर बनने पर टिकी हैं।

# शेट्टी को सिल्वर मेडल से करना पड़ा संतोष

निंगबो

- फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी से हारे
- प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने आयुष

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए, जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने। खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था।




### प्रतियोगिता में आयुष का शानदार सफर

आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया। आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह पिछड़ गए।

# हरियाणा के मुक्केबाज दक्ष ने महाराष्ट्र में लगाया गोल्डन पंच

रोहतक

हरियाणा के बॉक्सर दक्ष पंवार ने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया दक्ष पंवार ने फाइनल में आंध्र प्रदेश के मुक्केबाज साईं लोहित को 5-0 से पराजित किया। दक्ष ने अपनी जीत का श्रेय आर्यन बॉक्सिंग क्लब के संचालक अंतराराष्ट्रीय कोच अपने गुरु संजीव कुमार को दिया और साथ ही अनिल धनखड़ कोच के मार्गदर्शन में अपने खेल को निखारा। इस उपलब्धि के पीछे उनके बड़े भाई एवं व गुरु समान बाक्सर आशिष छिक्कारा, गौदुग्ध और आर्यसमाज बोहर रोहतक की प्रेरणा और आशीर्वाद का भी अहम योगदान रहा। अपनी आगामी प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए पटियाला में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग कैंप में मेहनत करके उज्बेकिस्तान में आयोजित जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक लाने का वादा किया और साथ ही आर्यन बॉक्सिंग क्लब रोहतक, प्रदेश,देश का नाम रोशन करने का भी वादा किया।





# एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारत ने जीते 17 पदक

### अंतिम दिन अमन और मुकुल ने रजत व दिनेश ने कांस्य पदक जीता

रोहतक

एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को अंतिम दिन भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें झज्जर के अमन सेहरावत और सोनीपत मुकुल दहिया ने रजत पदक जीता। वहीं, झज्जर दिनेश ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित की गई। अंतिम दिन मिले तीन पदकों दो रजत और एक कांस्य - के साथ एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के कुल पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत के ग्रीको-रोमन पहलवानों ने पांच पदक जीते दो रजत और तीन कांस्य, जबकि महिला दल ने भी पांच पदक जीते, जिनमें एक रजत और चार कांस्य शामिल थे। भारतीय फ्रीस्टाल में पहलवानों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। भारत ने 2026 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 30 पहलवानों को भेजा था, जिनमें से 10 पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 महिला और 10 ग्रीको-रोमन वर्ग में थे। ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत ने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हारने के बाद रजत पदक जीता। 22 वर्षीय अमन सेहरावत फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के क्वांग म्योंग किम से 13-10 से हार गए। सेमीफाइनल में अमन ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के अहमद जवान को कड़ी टक्कर देकर हराया। मुकुल दहिया को भी पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा, क्योंकि उन्हें ईरान के दो बार के एशियाई चैंपियन कामरान गसेमपोर से 7-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, दिनेश ने बहरीन के शमिल शरीपोव पर 7-1 से जीत हासिल करने के बाद 125 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।







पर्यटन स्थल / समीर चौधरी

वैसे तो समुद्र तट का नैसर्गिक नजारा हर नेचर लवर को आकर्षक लगता ही है। लेकिन दुनिया के कुछ समुद्र तट इतने विशाल-लाजवाब हैं कि दूर-दूर से पर्यटक इन्हें निहारने आते हैं। शांत, खुले तट से लेकर स्थानीय जीवन से भरे हुए ये समुद्र तटीय क्षेत्र प्रकृति को अपने सबसे प्रभावी रूप में पेश करते हैं। ऐसे ही कुछ खूबसूरत और विशाल सी बीचेज के बारे में आप भी जानिए।



# लाजवाब-खूबसूरत नजारा पेश करते दुनिया के ये समुद्र तट

### प्राया डो कैस्सिनो ब्राजील

**दक्षिण अमेरिकी** देश ब्राजील के दक्षिणी तट पर प्राया डो कैस्सिनो, दुनिया का सबसे लंबा समुद्र तट है, जो लगभग 254 किमी. तक फैला हुआ है। इसकी प्रभावी लंबाई रिओ ग्रांडे बंदरगाह से शुरू होकर उरुग्वे की सीमा तक जाती है। यह क्षेत्र अपने दूर तक फैले रेत, समुद्र के किनारे जीवंत शहरों और अकसर समुद्र के किनारे धूप सेंकते सी लायंस की मौजूदगी के लिए विख्यात है। यह सी बीच, स्थानीय लोगों की पसंदीदा जगह है, जहां लोग लांग ड्राइव, तटीय फिशिंग और ठंडी हवा में वॉक करना खूब पसंद करते हैं। *



### नाइंटी माइल बीच ऑस्ट्रेलिया

**नाइंटी माइल** बीच ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में स्थित है, जो 151 किमी. में फैला हुआ है और व्यस्त शहरी जीवन के विपरीत सुकून और शांति भरे लम्हों का यादगार अनुभव प्रदान करता है। इसका तट ऐसा प्रतीत होता है, जैसे कभी खत्म ही न होगा। तट के बीच-बीच में रेत के टीले, छोटी झीलें और संरक्षित वाटर रिजर्व आपको देखने को मिल जाएंगे। तट का पानी एकदम स्वच्छ है, जिससे तैराकों और मछुआरों के लिए यह पसंदीदा स्थल बन जाता है। हालांकि इसका नाम नाइंटी माइल है लेकिन इसके विपरीत यह 90 मील से अधिक लंबा है। इसके शांतिपूर्ण एकांत में गजब का आकर्षण है। *

### पद्रे सी आईलैंड बीच अमेरिका

**संयुक्त राष्ट्र** अमेरिका में टेक्सास के तट पर पद्रे द्वीप है, जोकि संसार का सबसे लंबा बैरियर द्वीप है। यह वन्यजीवों का अभयारण्य है, जिसमें दुर्लभ सी टर्टल और समुद्री पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं। पद्रे आइलैंड नेशनल सी-शोर लगभग 112 किमी. लंबा है। इस बीच को नम हवा भरे वातावरण और वन्यजीवों के कारण विशेष रूप से पसंद किया जाता है। पर्यटक अकसर यहां कैंपिंग करने, पक्षियों को देखने और खाड़ी के किनारे वाक के लिए आते हैं। *



### कॉक्स बाजार सी बीच बांग्लादेश

**बांग्लादेश में** स्थित कॉक्स बाजार बीच पर अकसर इस बात का जश्न मनाया जाता है कि यह संसार के सबसे लंबे प्राकृतिक समुद्र तटों में से एक है। बंगाल की खाड़ी में इस तट की लंबाई 120 किमी. है। इसके तट पर अनोखी चट्टानें, मुलायम रेत और जीवंत स्थानीय संस्कृति के दर्शन होते हैं, जो फिशिंग और पर्यटन के लिए फेमस हैं। जब दूर इसके क्षितिज में सूरज पानी में डूबता दिखता है, तो पूरा बीच दिल को अनोखा सुकून देने वाले रंगों से चमक उठता है। *






### नाइंटी माइल बीच न्यूजीलैंड

**ऑस्ट्रेलिया की** तरह न्यूजीलैंड के एक समुद्र तट का नाम भी नाइंटी माइल बीच है, लेकिन इसकी लंबाई 88 किमी. है, जो इसके नाम से दो किलोमीटर कम है। अपनी अनोखी सुंदरता से यह पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि अतीत में इसे हॉर्स राइडिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता था। अब इसे एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए यूज किया जाता है। यहां मौजूद सरफिंग स्पेस और रेत के ऊंचे-ऊंचे टीले इसे बहुत आकर्षक बना देते हैं। *

### बैंकूवर द्वीप लांग बीच कनाडा

**कनाडा के** बैंकूवर द्वीप के पश्चिमी तट पर लांग बीच स्थित है। यह सिर्फ 16 किमी. लंबा है, जिससे यह काफी छोटा सी बीच माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के सबसे सुंदर सी बीच में शामिल है। इसके दूर तक फैले समतल रेतीले समुद्र तट सभी को आकर्षित करते हैं। यह बीच कनाडा के संरक्षित राष्ट्रीय पार्क का हिस्सा है। यह बीच कोहरे भरी सागर तटीय सुबह और सरफिंग के लिए विख्यात है। *



# अपनाएं ये गोल्डेन रूल्स संवारें अपना सुनहरा भविष्य

सुनहरे भविष्य के लिए उचित दिशा में सही सही रणनीति के साथ मेहनत करना तो जरूरी है ही। साथ ही अगर कुछ गोल्डेन रूल्स को फॉलो किया जाए तो सफलता पाने की राह आसान हो जाएगी। ऐसी ही कुछ छोटी बातें आप भी अपने जीवन में अपना सकते हैं।

सेल्फ इंप्रूवमेंट / अंजू जैन



कई बार कड़ी मेहनत के बावजूद हमें वे परिणाम नहीं मिल पाते, जो हम चाहते हैं। विश्व प्रसिद्ध विचारकों के अनुभव बताते हैं कि सफलता का असली राज हमारी सोच, कर्मठता और भावनाओं में छिपा होता है। हम अपने भाग्य के स्वयं विधाता हैं। यदि हम अपनी आंतरिक भावनाओं को सुधार लें, तो बाहरी परिस्थितियां अपने आप बदलने लगती हैं।

**पहचानें अपनी भावनाएं:** हमारी भावनाएं और वाइब्रेशंस हमारे जीवन के अनुभवों को निर्धारित करती हैं। हम जो महसूस करते हैं, वही हम अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर हम सकारात्मक भावनाओं (जैसे खुशी, प्रेम, उत्साह) पर ध्यान केंद्रित करें, तो हम अपने जीवन में सकारात्मक परिणाम ला सकते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक भावनाएं (जैसे डर, गुस्सा, निराशा) नकारात्मक अनुभवों को आकर्षित करती हैं।





जब तक हम अपने लक्ष्य के प्रति उत्साहित महसूस नहीं करेंगे, तब तक वह हकीकत नहीं बनेगा। बेस्ट सेलर पुस्तक 'एक्सक्यूज मी, योर लाइफ इज वेटिंग' की लेखिका लिन ग्रैबहॉर्न कहती हैं, 'ब्रह्मांड में हर चीज एक ऊर्जा या फ्रीक्वेंसी पर काम करती है। यदि आप लगातार डर, चिंता या कमी के बारे में महसूस करते हैं, तो आप अनजाने में वैसी ही स्थितियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे होते हैं। अपनी फ्रीक्वेंसी बदलने का मतलब है, अपनी आंतरिक स्थिति को बदलना।'

**कमी के बजाय संभावनाओं पर ध्यान दें:** ज्यादातर लोग इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि उनके पास क्या 'नहीं' है। अनुभवी और सफल लोगों का कहना है कि आप जिस चीज पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, वह बढ़ती जाएगी। यदि आप अपनी समस्याओं के बजाय समाधान और संभावनाओं पर ध्यान देंगे, तो आपके जीवन में खुशहाली के द्वार खुलेंगे। इसलिए सकारात्मक भावनाओं को महसूस करें। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की भावना को अभी से महसूस करें। उदाहरण के लिए, अगर आप धन चाहते हैं, तो धनी होने की खुशी और आत्मविश्वास को महसूस करें। विश्वास रखें कि ब्रह्मांड आपके इरादों को साकार करने में मदद करेगा।

**दबाव में न आएं:** जब हम किसी चीज के लिए बहुत ज्यादा कोशिश करते हैं, तो हम अकसर दबाव महसूस करते हैं। यह दबाव नकारात्मक ऊर्जा पैदा करता है। इसके बजाय, ऐसा महसूस करें जैसे वह लक्ष्य पूरा होने ही वाला है बस, जरा-सी कोशिश और करनी है। यह सहजता ही आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। नेपोलियन हिल कहते हैं, 'इंसान का दिमाग जो सोच सकता है और जिसमें विश्वास कर सकता है, उसे वह हासिल भी कर सकता है।'

**आभार का जादू इस्तेमाल करें:** आभार का जादू केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली 'कॉस्मिक टूल' है। जो आपके पास है, उसके लिए आभारी होना आपकी वाइब्रेशन को तुरंत 'उच्च स्तर' पर ले जाता है। प्रसिद्ध दार्शनिक और लेखक मैस्टर एकहार्ट के अनुसार, 'यदि आप अपने पूरे जीवन में केवल एक ही प्रार्थना करते हैं, 'धन्यवाद' तो यही काफी है।' यह साधारण सा शब्द आपके जीवन में अधिक आशाओं और अच्छी चीजों को आमंत्रित करता है।

**'एक्सक्यूज मी' कहना सीखें:** अकसर हम दूसरों को खुश करने के चक्कर में अपनी मानसिक शांति दांव पर लगा देते हैं। लेकिन उन चीजों या लोगों को 'एक्सक्यूज मी' कह कर आगे बढ़ जाना जरूरी है, जो आपकी ऊर्जा को सोख लेते हैं। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो न दें। स्वयं को प्राथमिकता देना स्वार्थ नहीं, बल्कि आपकी वेल बीइंग के लिए जरूरी है।



**पहचानें आप क्या चाहते हैं:** अपने जीवन में उन चीजों को पहचानें जो आपको पसंद नहीं हैं या जो आपको परेशान करती हैं। इससे आपको स्पष्टता मिलती है कि आप वास्तव में क्या चाहते हैं। साथ ही यह भी तय करें कि आप क्या नहीं चाहते हैं। स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करें कि आप अपने जीवन में क्या हासिल करना चाहते हैं, जैसे खुशी, सफलताएं या बेहतर रिश्ते। जिन चीजों से परेशानी होती है और ऊर्जा नष्ट होती है, उनसे दूर रहना सीख लीजिए।

**छोटी-छोटी खुशियों का महत्व समझें:** बड़ा बदलाव लाने के लिए हमेशा बड़े कदम उठाना जरूरी नहीं है। कभी-कभी एक अच्छा संगीत सुनना, प्रकृति में टहलना या किसी पुराने मित्र से बात करना भी आपकी मानसिक ऊर्जा को बदल सकता है। यही छोटे चुनाव बड़े परिणामों की आधारशिला रखते हैं। हर छोटी से छोटी उपलब्धि को सेलिब्रेट करें, उत्साहित हों। *

नदीगाथा / वीना गौतम

# थार मरुस्थल की जीवनरेखा लूनी नदी



अरावली पर्वतमाला में अजमेर के पास स्थित नाग पर्वत से निकलने वाली लूनी नदी, एकमात्र ऐसी नदी है, जो थार के मरुस्थल से होकर बहती है। यह भारत की सबसे बड़ी और अकेली अंतःस्थलीय (इनलैंड) नदी है यानी यह नदी समुद्र तक नहीं पहुंचती बल्कि कच्छ के रण में ही विलीन हो जाती है। इसे थार के मरुस्थल की जीवनरेखा कहते हैं, जो भले सीमित जल संसाधन की मालिक हो, लेकिन इसी की बदौलत थार मरुस्थल में जैव विविधता मौजूद है यानी लूनी नदी रेगिस्तान में बहने वाली ऐसी नदी है, जिसके आस-पास का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद संवेदनशील और अनूठा है।

**नदी की विशिष्टताएं:** लूनी इस नदी की लंबाई कुल 495 किलोमीटर है और अपनी प्रकृति के हिसाब से ये मौसमी नदी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर गुजरात में कच्छ के रण में विलीन हो जाती है। लूनी नदी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस नदी का शुरुआती सिरा मीठे पानी का और अंतिम सिरा खारे पानी का है। इस मामले में शायद यह दुनिया की ऐसी खास नदी है, जो एक साथ मीठी और खारी दोनों है। अंतःस्थलीय लूनी नदी को अजमेर के पास सागरमती कहा जाता है। करीब 150 किलोमीटर बहने के बाद इसे लवणी या लूणी कहा जाने लगता है। यह पूरी तरह से वर्षा आधारित यानी (रेन फेड) नदी है। इसके बहाव का मुख्य भाग राजस्थान में है और अंतिम भाग गुजरात में है।

**मानसून आधारित नदी:** मौसमी नदी लूनी, दक्षिण-पश्चिम मानसून पर आधारित है। इसका प्रवाह जुलाई से सितंबर के बीच रहता है, जिसमें शुरू में तेज बहाव होता है, यहां तक कि कई जगहों में यह बाढ़ का कारण भी बनती है। लूनी नदी की खासियतों में एक यह भी है कि यह नदी पूरी तरह से वर्षा से प्रभावित नदी है। अगर जरा भी बारिश अनियमित होती है, तो यह भी अनियमित हो जाती है।

**कुछ हिस्सा है खारा:** निचले छोर यानी जालोर से कच्छ के बीच इस नदी का पानी खारा हो जाता है। क्योंकि यहां यह रेतीले मैदानों और दलदली क्षेत्र में होकर गुजरती है। भले यह गंगा और यमुना जैसी सांस्कृतिक और सभ्यतामूलक नदी धारा के रूप में न पहचानी जाती हो, लेकिन इसके किनारे भी सभ्यता के कुछ विशेष रूप जन्मे हैं और कुछ राजस्थानी शहर भी इसके किनारे स्थित हैं- जैसे अजमेर, पाली, जोधपुर। *

आज युवाओं के लिए सनग्लासेज एक ऐसी एक्सेसरीज है, जो उन्हें धूप से बचाने के साथ ही उनकी पर्सनालिटी को अपग्रेड भी करती है। यह डिजिटल-रियल दोनों दुनिया में यंगस्टर्स की पर्सनालिटी को समर स्वैग देती है।

# अट्रैक्टिव सनग्लासेज बढ़ा दे यंगस्टर्स का समर स्वैग





सीजनल फैशन
प्रतिमा अरोड़ा

गर्मी शुरू होते ही सिर्फ तापमान नहीं बढ़ता बल्कि युवाओं का फैशन मीटर भी हाई हो जाता है। कॉलेज कैंपस, कैफे, मॉल, ट्रैवल स्पॉट, हर जगह एक खास तरह की स्टाइल एनर्जी देखने को मिलती है। उनके इस समूचे 'समर स्वैग' को किसी एक एक्सेसरीज के जरिए व्यक्त करना हो, तो वो है-सनग्लासेज।

सनग्लासेज या धूप का चश्मा सिर्फ चिलचिलाती गर्मी से बचने भर का जरिया नहीं रह गया है बल्कि अब यह एक ऐसी पहचान बन चुका है, जो यंगस्टर्स की पर्सनालिटी को गर्मियों का खास लुक देता है।

**एटीट्यूड का हिस्सा:** एक समय तक सनग्लासेज को गर्मी के मौसम की एक जरूरत माना जाता था, आंखों को धूप से बचाने के लिए लेकिन अब यह एक एटीट्यूड एक्सेसरीज बन चुका है। जैसे ही कोई सनग्लास पहनता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज बदल जाती है। थोड़ा आत्मविश्वास, थोड़ा रहस्य और थोड़ा 'मैं सबसे अलग हूं' का भाव उसकी पर्सनालिटी में आ जाता है। इंस्टाग्राम रील से लेकर कॉलेज फेस्ट तक अगर किसी एक एक्सेसरीज पर सबसे ज्यादा जोर दिखता है, तो वह है सनग्लास। यही कारण है कि सनग्लासेस को यंगस्टर्स के एटीट्यूड का सबसे खास हिस्सा माना जाता है।

**सोशल मीडिया का बड़ा रोल:** आज के दौर का फैशन सिर्फ सड़क या कॉलेज में दिखाने तक सीमित नहीं है बल्कि सच बात तो यह है कि वह बाकी किसी भी जगहों से ज्यादा सोशल मीडिया के लिए होता है। गर्मी के दौरान सनग्लासेज, डिजिटल फैशन का सबसे इंपॉर्टेंट पार्ट बन जाता है। चेहरे पर सनग्लास लगी सेल्फी ज्यादा शार्प होती है, इसमें आंखों का एक्सप्रेशन कंट्रोल किया जा सकता है। सनग्लास की वजह से एक कूल और कंट्रोल्ड इमेज बनती है। यही कारण है कि युवाओं के सनग्लास सिर्फ पहनने की चीज नहीं बल्कि कंटेंट क्रिएशन का टूल बन चुका है।



**फैशन+परफेक्शन=परफेक्ट समर कॉम्बो:** गर्मी के मौसम में जहां एक तरफ स्टाइल जरूरी है, वहीं दूसरी तरफ आसमान से बरसती आग से बचना भी जरूरी है। इसलिए सनग्लासेज इस मौसम के लिए सबसे परफेक्ट कॉम्बो एक्सेसरीज माने जाते हैं। सनग्लासेज इस बैलेंस को सचमुच परफेक्ट बनाते हैं, क्योंकि इनसे- तेज धूप से आंखों की सुरक्षा संभव होती है। पसीने और थकान में भी फ्रेश लुक बनी रहती है। ट्रैवल के दौरान आरामदायक विजन मिलता है यानी यह एक्सेसरीज सिर्फ दिखने के लिए नहीं बल्कि जीने के तरीके को भी आसानी से बदल देती है।

**कई वैरायटीज में उपलब्ध:** सनग्लासेस आज एक्सेसरीज में बदल चुके हैं। अब ये टिंटेड लैंस यानी ब्लू, यलो और पिंक कलर में भी उपलब्ध हैं। आज बाजार में सनग्लासेज बोल्ड और ड्रामेटिक दिखने वाले ओवरसाइज्ड फ्रेम में भी मौजूद हैं। सनग्लासेज वो एक्सेसरीज हैं, जिसे युवा सबसे ज्यादा एक्सप्लोर करते हैं, क्योंकि इनके जरिए अब हर चेहरा अपना एक अलग स्टाइल कैरी कर सकता है। *

बड़ा पर्दा
मनोज प्रकाश

बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव रोल निभाने वाले एक्टर्स यानी खलनायकों को भले ही हीरो जैसा स्टारडम नहीं मिलता लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी किसी भी मायने में नायकों से कम नहीं होती है। कुछ एक्टर्स तो आज भी याद किए जाते हैं। ऐसे ही कुछ बेहतरीन खलनायकों पर एक नजर।

# नायकों से कम पॉपुलर नहीं बॉलीवुड के ये खलनायक


प्राण


अमरीश पुरी


अमजद खान


प्रेम चोपड़ा

अपने शुरुआती दौर से ही बॉलीवुड फिल्मों में कई ऐसे खलनायक यानी विलेन हुए हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। दर्शकों को सांस रोककर 'अगले पल क्या होगा?' सोचने को मजबूर कर दिया, इन्हें खौफ का पर्याय माना जाने लगा। 'प्रेम नाम है मेरा-प्रेम चोपड़ा।', 'अरे ओ सांभा, कितने आदमी थे?', 'सारा शहर मुझे लॉयन के नाम से जानता है।', 'मोगैंबो खुश हुआ!' हिंदी फिल्मों के खलनायकों द्वारा बोले गए ऐसे कई संवाद आज भी जीवंत बने हुए हैं।

**ये एक्टर हुए सर्वाधिक चर्चित:** बात जब हिंदी फिल्मों के खलनायकों की होती है तो सबसे पहले जो नाम जेहन में उभरते हैं, उनमें शामिल हैं-के.एन. सिंह, कन्हैया लाल, प्राण, अजीत, प्रेमनाथ, मदन पुरी, अमजद खान, जीवन, डैनी डेंजोंगपा, कुलभूषण खरबंदा, अमरीश पुरी, मुकेश तिवारी, कृष्ण धवन, प्रेम चोपड़ा, गुलशन ग्रोवर, रंजीत, शक्ति कपूर, कादर खान, रजा मुराद, परेश रावल, सदाशिव अमरापुरकर, किरण कुमार। एक बात यह भी है कि संजीव कुमार से लेकर कबीर बेदी तक और शाहरुख खान, ओम पुरी, मोहनीश बहल, अक्षय कुमार, आमिर खान, सैफ अली खान, संजय दत्त, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, रणवीर सिंह, अनुपम खेर जैसे अभिनेताओं ने भी कम लेकिन विलेन के शानदार रोल निभाए हैं।


अनुपम खेर


कुलभूषण खरबंदा

**यादगार खलनायकों में शामिल गब्बर सिंह:** बॉलीवुड में अब तक निभाए गए खलनायक के सबसे प्रभावशाली और यादगार किरदारों में 1975 में आई फिल्म 'शोले' का गब्बर सिंह शामिल है। जिसे पर्दे पर जीवंत किया था अभिनेता अमजद खान ने। पूरे फिल्म सिनेरियो पर नजर दौड़ाएं तो अमजद खान, सिर्फ गब्बर के रोल के कारण अपने पूर्व, समकालीन और बाद के फिल्मी खलनायकों से काफी ऊपर हैं। 'जो डर गया समझो मर गया', 'कितने आदमी थे', 'ये हाथ हमको दे दे ठाकुर', 'तेरा क्या होगा कालिया', फिल्म 'शोले' में गब्बर सिंह का एक-एक संवाद खूब पॉपुलर हुआ और आज भी लोगों की जुबान पर है।

**'शान' का क्रूर विलेन शाकाल:** 'शोले' के बाद की कई फिल्मों में गब्बर सिंह की तरह ही फिल्म के विलेन को खतरनाक और प्रभावशाली ढंग से दिखाने का प्रयास किया गया। 1980 में आई 'शान' में शाकाल का रोल प्ले किया था कुलभूषण खरबंदा ने। 'शाकाल के हाथ में जितने पत्ते होते हैं, उतने ही पत्ते उसकी आस्तीन में होते हैं', 'आदमी दुनिया में हर काम कभी न कभी पहली बार करता ही है', जैसे डायलॉग्स उन दिनों खूब लोकप्रिय हुए थे।

**प्रेम चोपड़ा का अलग अंदाज:** 'मैं वो बला हूं जो शीशे से पत्थर तोड़ता हूं।' प्रेम चोपड़ा का वह संवाद, जिसे उन्होंने 1983 में 'सौतन' फिल्म में बोला था, उनकी पहचान बन गया। प्रेम चोपड़ा तो अपने रियल नाम से भी फिल्मों में फेमस हुए। 1973 की 'बॉबी' में जब वह कहते हैं, 'प्रेम नाम है मेरा', तो सिनेमा हाल में बैठे हुए दर्शक समझ जाते कि अब नायक-नायिका के साथ कुछ गड़बड़ होने वाली है।

**'कर्मा' का इंटेंस विलेन डॉक्टर डैंग:** 1986 की फिल्म 'कर्मा' में अनुपम खेर ने डॉक्टर डैंग की यादगार नकारात्मक भूमिका निभाई थी। फिल्म के एक दृश्य में दिलीप कुमार से थप्पड़ खाने के बाद डॉक्टर डैंग का यह डायलॉग, 'इस थप्पड़ की गूंज तुम्हें मरते दम तक सुनाई देगी जेलर।' आज भी दर्शक नहीं भूले हैं। इसके बाद उन्होंने जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की वह डॉक्टर डैंग को दर्शकों के बीच चर्चित कर गया। फिल्म में अनुपम खेर के किरदार और उनके अभिनय को खूब पसंद किया गया।


शक्ति कपूर


रंजीत

**कोई नहीं अमरीश पुरी जैसा:** हिंदी फिल्मों में कई खलनायक ऐसे हुए हैं, जो पर्दे पर जब तेवर दिखाते हैं तो सामने वाले हीरो पर पूरी तरह हावी हो जाते हैं। ऐसे ही विलेन में अमरीश पुरी भी शामिल हैं। अमरीश पुरी ने 'मिस्टर इंडिया' और 'लोहा' में ऐसे अपना रोल निभाया कि पर्दे पर उनके आते ही दर्शक सीट से उठते ही नहीं थे। दोनों फिल्मों में एक दशक का अंतर था। गब्बर के बाद अमरीश पुरी ही ऐसे खलनायक रहे हैं, जिनके संवाद बच्चों को भी याद हैं। 'मिस्टर इंडिया' में उनके बोले संवाद 'मोगैंबो खुश हुआ' को आज भी बच्चे बोलते रहते हैं।

**इनकी खलनायकी ने कायम की मिसाल:** प्राण ने भी अपनी खलनायिकी के अंदाज से बड़े-बड़े नायकों को पर्दे पर टक्कर दी। उनकी बेहतरीन खलनायिकी को सामने लाने वाली फिल्मों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। प्राण की तरह ही मदनपुरी और प्रेमनाथ भी खलनायिकी करने में उस्ताद थे। प्रेमनाथ का 'पराया धन' तथा 'जॉनी मेरा नाम' में विलेन का रंग बहुत चमकदार रहा। इनके अलावा शक्ति कपूर, किरण कुमार, कादर खान, गुलशन ग्रोवर, रंजीत, परेश रावल और भी कई ऐसे फिल्मी विलेन हुए हैं, जिन्हें नायकों की तरह ही पहचाना जाता है। 'चाइना गेट' में डाकू जगीरा का रोल करने वाले मुकेश तिवारी और 'राम तेरी गंगा मैली' के माणिक लाल उर्फ कृष्ण धवन को भी दर्शक याद करते हैं। *

# नारी शक्ति वंदन पर प्रेस वार्ता, महिलाओं ने जताया समर्थन

## प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना : डॉ नंदिनी दुबे

( यंग भारत न्यूज )

**मऊरानीपुर।** नगरपालिका सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति वंदन पहल का जोरदार समर्थन किया। इस अवसर पर अग्रसेन महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ नंदिनी दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी दिशा में वर्ष 2023 में पारित अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।




वक्ताओं ने बताया कि इस कानून के लागू होने के बाद भविष्य के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की भागीदारी में बड़ा इजाफा होगा और सैकड़ों महिलाएं संसद तक पहुंचकर नीति निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को अंतिम रूप देने के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें इसे पारित कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रेस वार्ता में उपस्थित अन्य महिलाओं ने भी महिलाओं से इस पहल के समर्थन में आगे आने और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। महिलाओं ने जोर देकर कहा कि जब तक महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और निर्णय लेने में भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। इस पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि श्रीवास ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान डॉ. नंदिनी दुबे, राधा अग्रवाल, प्रवेश शर्मा, प्रगति आर्य, वंदना मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंचल कंथरिया, चंद्र प्रभा भड़ेरिया, दिनेश राजपूत, राम किशोर आर्य, सुधांशु वाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# ज्योति कलश रथ यात्रा का किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा का नगर आगमन पर खेर इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में भव्य स्वागत पूजन किया गया। शान्ति कुंज हरिद्वार की ज्योति कलश रथ यात्रा के टोली नायक दधिबल सिंह साहब संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ी संस्कारबान बने।व्यसन मुक्त भारत हो तथा हम स्वयं को बदलें तो पूरा समाज ही बदल जायेगा और हमारा देश विश्व गुरु बनेगा।




इसके अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल,प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया, मेजर अखिलेश पिपरैया ने संबोधित करते हुए शिक्षा को अध्यात्म से जोड़ने की बात कही,जिससे युवा पीढ़ी का स्वर्णिम भविष्य हो सके। संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने किया। इस मौके पर रथ सारथी सूर्या कुशवाहा,अलख प्रकाश शर्मा,प्रदीप कोठारी,राम नारायण पस्तोर, अबधेश सिंह फौजी,आत्माराम फौजी,राम किशोर पटेल,रमेश सोनी,लालजी खरे, शंकरलाल नामदेव,रज्जू बिलैया, भगवत नगरिया,प्रमोद वर्मा,चन्द्रभान साहू,सुभद्रा विश्वकर्मा सहित गायत्री परिवार एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया संत कंवर राम साहिब का 141वां जन्मोत्सव

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** संत सत रामदास सेवा समिति सिंधी समाज( रजि. ) के तत्वावधान में अमर शहीद संत कंबर राम साहिब जी का 141वां जन्मोत्सव एवं सोलहवें सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन सोमवार को गल्ला मंडी रोड ,अजय इनक्लेव कालौनी स्थित एस एस डी धाम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ।इस मौके पर उरई से आये चार एवं झासी के तीन कुल सात युवाओं के जनेऊ संस्कार विधि विधान से कराये गये जिसमें उन्हें तमाम उपहार भेंट किये गये। इस मौके पर उनके परिजन एवं समिति पदाधिकारी जमकर झूमे और खुशियां मनाई। समिति अध्यक्ष रमेश ? वरयानी के संचालन में पं कपिल ? शर्मा द्वारा सामूहिक जनेऊ संस्कार कराया गया। फिर महिला मंडल ने अखण्ड धुनी साहिब प्रारंभ किया। सायंकालीन मेंडबरा से पधारे छोटू सांई साहिब जी ने सत्संग करते हुये प्रवचन दिये।

**जनेऊ संस्कार,सत्संग प्रवचन,अखंड धुनी भोग, के बाद हुआ भंडारा**



सत्संग पश्चात अखण्ड धुनी साहिब जी का भोग लगाया गया तदुपरांत भण्डारे प्रारंभ हुआ जिसमें देर तक श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद पाया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष रमेश वरयानी,उपाध्यक्ष ओम रामवानी,सचिव गौरीशंकर कारनानी, कोषाध्यक्ष अमर माखीजा,संरक्षक अर्जुन दास मोटवानी, हरीराम केशवानी,किशन कप्तानी, घनश्याम दास प्रेमानी, कीरतदास दलवानी,सुगनामल ? लखवाणी, संजय ख्याली,रतन हीरवानी,अनिल गुरनानी एड.महेश आहूजा,पवन बत्रा,कमल ? दासानी,दिलीप कारनानी,किशन ? वरयानी,जय गंगवानी,गणेश मंगतानी,टोनी गोदवानी, धर्मेंद्र केशवानी, पप्पू दलवानी,लोकेश ? बजाज,पारस तलरेजा,दीपू चन्द्रानी,बृजलाल ? बध्या, कमल दासानी आदि मौजूद रहे।अंत में रमेश ? वरयानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# झांसी की मिट्टी का कर्ज गोल्ड मेडल जीतकर चुकाना चाहता हूँ : केतन कुशवाहा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** 16वीं सब-जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाने वाले कप्तान और झांसी नगर के उभरते हॉकी सितारे केतन कुशवाहा ने खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से खास बातचीत के मुख्य अंश:



प्रश्न: नेशनल चैंपियन बनने और कप्तानी का अनुभव कैसा रहा?

केतन: यह एक सपने जैसा है। यूपी की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। टीम के हर खिलाड़ी ने मैदान पर जान लगा दी। फाइनल में मध्य प्रदेश जैसी मजबूत टीम को 5-2 से हराना हमारी कड़ी मेहनत का नतीजा है। प्रश्न: मैच के चौथे मिनट में ही आपने गोल किया, उस वक्त दिमाग में क्या चल रहा था?

केतन: कप्तान होने के नाते मुझ पर शुरुआती बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी थी। कोच रजनीश मिश्रा सर ने हमेशा सिखाया है कि शुरुआती दबाव विपक्षी टीम को बैकफुट पर धकेल देता है। वह गोल पूरी टीम के आत्मविश्वास के लिए जरूरी था।

प्रश्न: आप हॉकी इंडिया लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं, 'श्राची बंगाल टाइगर्स' के साथ जुड़कर कैसा लग रहा है?

केतन: ?2.5 लाख में नीलामी और सबसे युवा खिलाड़ी होने का टैग मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी है। बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरे लिए सीखने का सबसे बड़ा अवसर होगा।

प्रश्न: अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगे?

केतन: सबसे पहले अपने माता-पिता को व स्व.कैलाश सर जिन्होंने झांसी में सीमित संसाधनों के बावजूद मुझ पर भरोसा किया। फिर यूपी स्पोर्ट्स हॉस्टल (लखनऊ) के अपने कोचों और साथियों को, जिन्होंने मुझे एक प्रोफेशनल खिलाड़ी के रूप में तराशा।

प्रश्न: झांसी के युवाओं और आने वाले खिलाड़ियों के लिए आपका क्या संदेश है?

केतन: झांसी वीरों की धरती है और हॉकी यहाँ के खून में है। बस मेहनत करते रहिए, क्योंकि खेल के मैदान पर छोटा शहर या बड़ा शहर मायने नहीं रखता, केवल आपकी 'परफॉर्मेंस' बोलती है।

प्रश्न: आपका अगला लक्ष्य क्या है?

केतन: अभी मेरा पूरा ध्यान हॉकी इंडिया लीग के आगामी मैचों पर है। मेरा अंतिम लक्ष्य नीली जर्सी पहनकर ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है।

# झांसी के सीतारामदास का यूपी अंडर-17 क्रिकेट टीम में चयन

## कहा- अपने खेल के साथ रहें ईमानदार, मुझे क्रिकेट खेलने का उतना शौक नहीं जितना पिताजी को खिलाने का है

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** जनपद के उभरते युवा क्रिकेटर सीताराम दास का चयन उत्तर प्रदेश अंडर-17 क्रिकेट टीम में होने से जिले में खुशी की लहर है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि क्षेत्र के खेल प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल है। वह 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी क्रिकेट अंडर-17 में तेलंगाना में 26 अप्रैल से एक मई तक आयोजित होने वाली प्रतिभायोगिता में प्रतिभाग करेंगे।सीताराम दास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता महीपत सिंह निरंजन को दिया है। उनके पिता ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत - हैं वर्तमान में बामौर ब्लॉक में तैनात हैं, और ग्राम महेवा किशोरपुरा, निवासी हैं। सीताराम दास ने कहा कि उन्हें क्रिकेट खेलने का जितना शौक है, उससे कहीं अधिक उनके पिता का सपना था कि वह क्रिकेट में आगे बढ़े और प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने बताया कि पिता के मार्गदर्शन और लगातार प्रोत्साहन ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सीताराम दास ने कहा, 'खेल के साथ हमेशा ईमानदार रहना चाहिए।मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।' उन्होंने युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि लगन और समर्पण के साथ खेला जाए तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। स्थानीय कोच और खेल प्रेमियों ने भी सीताराम दास की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह चयन आने वाले समय में झांसी के अन्य युवाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।इन्होंने वर्तमान में कक्षा 11वीं की परीक्षा सरस्वती इंटर कॉलेज लहर की देवी सीपरी बाजार झांसी से उत्तीर्ण की है तथा इसी विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्र हैं।

# जिलाधिकारी के पिता का 80 वर्ष की आयु में निधन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आज जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के पिता धनीराम का लम्बी बीमारी के इलाज के दौरान 80 वर्ष की आयु में मेडिकल कॉलेज झांसी में निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार झाँसी में प्रात: दिन मंगलवार को किया जाएया।

इस अवसर पर मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारियों द्वारा शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं परिवार को अपूरणीय क्षति सहन करने हेतु प्रार्थना की गयी।

# बांदा में अलंकार अग्निहोत्री का प्रहार-यूजीसी एक्ट, सवर्णों पर संगठित अपराध और सनातन अपमान पर सरकार को घेरा

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री के बांदा आगमन पर सिविल लाइन स्थित पंडित संजय द्विवेदी 'दनादन' के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत क्रांतिकारी पंडित गोपी नाथ दनादन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई।

बैठक में विप्र समाज के लोगों से संवाद स्थापित किया गया, जिसमें करीब चार दर्जन संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति रही। इस दौरान समाज के अधिकार, वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों और कानूनों के प्रभाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में करीब 20 वर्षों तक फर्जी एससी-एसटी एक्ट में बंद रह चुके पीड़ित विष्णु तिवारी ललितपुर ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए अट्रोसिटी एक्ट में सुधार और न्याय की मांग उठाई। उपस्थित लोगों को उनके प्रकरण से अवगत कराया गया और कानून के कथित दुरुपयोग के कारण उनके जीवन पर पड़े प्रभाव को विस्तार से बताया गया। इस मुद्दे पर वक्ताओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। मीडिया से बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने त्नष्ट एक्ट को लेकर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि इस कानून के कई प्रावधानों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सवर्ण समाज के खिलाफ संगठित अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इन मामलों को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने इसे शासन की अनदेखी करार देते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की। इसके साथ ही बैठक में सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। अग्निहोत्री ने शंकराचार्य जी के कथित अपमान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 'बटुकों की चोटी पकड़कर किया गया अपमान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और आस्था पर सीधा प्रहार है।' उन्होंने इस प्रकार की घटनाओं की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि आज समाज में जातिगत राजनीति हावी है और हर व्यक्ति की पहचान जाति से की जा रही है, जबकि ब्राह्मण समाज ने हमेशा त्याग और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने सभी वर्गों से एकजुट होकर संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# दिव्यांगों के लिए योगी सरकार का बड़ा तोहफा

( यंग भारत न्यूज )




**बांदा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बांदा के दिव्यांगजनों के लिए मदद का पिटारा खोल दिया है। जिले के दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृतिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत जल्द ही अब आधुनिक सहायक उपकरण और ट्राईसाइकिल का मुफ्त वितरण किया जाएगा। योगी सरकार के इस कदम से न केवल दिव्यांगों की राह आसान होगी बल्कि उनके जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार भी होगा।

- **अब दिव्यांगों की राह होगी आसान, बांदा में योगी सरकार देगी फ्री व्हीलचेयर व स्मार्ट केन समेत कई जरूरी उपकरण**
- **बांदा में दिव्यांगों को जल्द मुफ्त में मिलेंगे ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरण**

## स्मार्ट केन से लेकर व्हीलचेयर तक, सब कुछ मिलेगा मुफ्त

बांदा जिला प्रशासन ने सरकार की मंशानुरूप दिव्यांगों के लिए दिए जाने वाले सहायक उपकरणों की प्रक्रिया की तेज कर दी है। योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन और कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी दिव्यांग अपनी शारीरिक अक्षमता के कारण पीछे न छूटे।

## जिला प्रशासन ने जारी की पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया की गाइडलाइन

जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार वे सभी व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है वे इस योजना के पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र के लिए 56460 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्र व्यक्ति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फौरन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, सीएमओ द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और फोटो जैसे जरूरी दस्तावेज लगाने अनिवार्य होंगे। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आवेदनों के सत्यापन के बाद जल्द ही सामग्री क्रय कर पात्रों को वितरित की जाएगी। सरकार की इस पहल से जनपद के सैकड़ों दिव्यांगों के जीवन में सुगमता आने की उम्मीद है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज बहादुर सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें पिछले 3 वर्षों में विभाग से कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि विद्यार्थियों के लिए 3 साल की यह समय सीमा लागू नहीं होगी। योजना के तहत ट्राई साइकिल, बैसाखी, हैंड स्टिक, कान की मशीन और नेत्रहीनों के लिए स्मार्ट केन का वितरण किया जाएगा।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** संबिधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर खेर इंटर कॉलेज के मुख्य भवन में हर्षोल्लास से बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया।




विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल,प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर ,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल,क्रीड़ाध्यक्ष विनोद कुमार,सुधीर कुमार पाठक,संगीत अध्यापक सरजू शरण पाठक आदि ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद बोलते हुए प्रवक्ता संतोष कुमार शाक्य ने बाबा साहब के द्वारा किये गए त्याग एवं संदेश को बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज मे समदर्शिता का कार्य किया।संविधान की रचना पूरे देश के लिए अलौकिक है,जिसको भुलाया नहीं जा सकता है।

अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य डी पी तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ विवेक मुद्गल राजेश चंद्र,जे पी वर्मा,भूपेन्द्र पंथी,ऋतु बुंदेला,राजेन्द्र प्रसाद,प्रदीप स्वर्णकार, सुनील व्यास,राम लला पटेल,पुष्पेन्द्र वर्मा,दुर्गा प्रसाद,जितेंद्र पटेल कुम्हरिया,राजवेन्द्र सिंह बुंदेला,जितेंद्र साहू,इन्द्रनारायण, मुकेश बाबू खैर,सुभाष कुमार वर्मा,अशोक आर्या,अमित प्रताप भदौरिया, राज बहादुर सिंह,बलबीर सिंह परिहार, बाबूराम,जितेंद्र मिश्रा,सुरभि पटेल,दीनदयाल, रजनी यादव,दीपा गुप्ता, वर्षा गुप्ता,खुशबू जैन, विवेक गुप्ता, संजय दोन्दे रिया,राकेश व्यास,जितेंद्र सोनी,प्रमोद सविता, राम सेवक गौतम,प्रांजल तिवारी,पंकज शाक्य,इन्द्र भूषण द्विवेदी, हरिश्चंद्र नायक,बड़े बाबू कुलदीप कोदबलकर,कौशलेश मिश्रा,प्रवीण सिरोही,कुलदीप वर्मा,रवि सेन,जितेंद्र सेन, अनिल नायक,योगेश अग्रवाल, अंकित कुमार,कमलू,समता पांचाल आदि उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718